
महान लोगो
के
महान
सुविचार
लेखक - कनिष्क शर्मा

महान लोगो के महान सुविचार

लेखक - कनिष्क शर्मा

महान लोगो के महान सुविचार

सर्वाधिकार सुरक्षित

© 2016 कनिष्क शर्मा
ISBN-

इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनप्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके – इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम– से लेखक की अनुमति के बिना वितरित नहीं

किया जा सकता है | पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, लेखक

अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है |

कृपया अपने अमूल्य सुझाव ईमेल के माध्यम से

भेजे |

धन्यवाद |

email:- writerkanishksharma@gmail.com

समर्पित

उनको जिन्होंने मेरी सोच को पसंद किया, और मेरा परिवार - जूही शर्मा, कुनाल शर्मा, अजय कुमार शर्मा, संगीता शर्मा |

तालिका

भाग १ – महान सुविचार

प्रेरणादायक सुविचार,बेहतर सुविचार,चर्चित सुविचार
अमिताभ बच्चन
बिल गेट्स
ब्रूस ली
चार्ली चैपलिन
डेले कार्नेगी
धीरूभाई अम्बानी
डॉ सीअस
जॉर्ज बर्नार्ड शॉ
जॉर्ज वाशिंगटन
ग्रुशो मार्क्स
जैक वेल्च
जवाहर लाल नेहरु
जॉन डी रॉकफेलर
कार्ल मार्क्स
खलील जिब्रान
लाल बहादुर शास्त्री
लेओनार्दो दा विन्ची
लार्ड महावीर
मैरी कोम-
मोहमद अली

नेपोलियन बोनापार्ट
नेपोलियन हिल्स
नरेन्द्र मोदी
पेले
प्लेटो
आर के लक्ष्मण
राल्फ वाल्डो इमर्सन
राधाकृष्णन
श्रीमद भगवद गीता
शिव खेडा
सिगमंड फ्रायड
श्री श्री रविशंकर
स्टेफेन हव्किंस
सुभाष चन्द्र बोस
स्वामी विवेकानंद
थॉमस अलवा एडिसन
टोनी रॉबिन्स
विलियम शेक्सपीयर
विंस्टन चर्चिल
सुकरात
रबिन्द्रनाथ टैगोर
ऑस्कर वाइल्ड
नेल्सन मंडेला
मार्क ट्वेन
कन्फ्यूशियस
बेंजामिन फ्रेंकलिन
अरस्तु
हेलेन केलर
मदर टेरेसा

महात्मा गाँधी
गौतम बुद्धा
ईसा मसीह
इंद्रा गाँधी
दलाई लामा
अल्बर्ट आइंस्टीन
अब्राहम लिंकन
अब्दुल कलाम
ओशो रजनीश
वॉरन बफे
स्टीव जाब्स

भाग २ - मेरे सुविचार

जीवन
तजुर्बा
साहस
लड़ाई
हार
सर्वोत्तम
सकारात्मकता
सफलता
बदला लेने का ख्याल
निर्नायाकता
चुनौती
खुशियाँ
उदासी
एसिड अटैक से पीड़ित लोग
सक्रियता
क्रोध
अतीत
मन
विश्वास
डर
साधना
जीव हत्या

भाग ३- अंत सन्देश

प्रेरणादायक किताब- पॉजिटिव - आई ऍम पॉजिटिव के बारे में

उपन्यास- सेंट पीटर्सबर्ग हाई स्कूल का शाप. के बारे में कुछ शब्द ...

भाग १-

महान सुविचार

प्रेरणादायक सुविचार, बेहतर सुविचार, चर्चित सुविचार |

“बाहरी दुनिया से अलग एक ऐसी दुनिया भी जहां लोग जीते हैं | वे एक दुसरे की मदद करते है | महान सोचते है और दूसरों को भी महान सोचने का मौका प्रदान करते हैं | लेखकों की दुनिया में आपका स्वागत है|

जीवन चाहे फिर कितना चौनोतिपूर्ण क्यों ना हो, अगर आपके मन में एक विचार है,जो ताकतवर है,और सकारात्मक है, तो कोई नकारात्मक सोच आपको हरा नहीं सकेगी | जीवन में जब भी आपको प्रेरणा की ज़रूरत पढ़ती है तब आप ऐसों का साहारा लेते है जो आपकी मदत कर सके, परेशानियों से बाहर निकल सके,जीवन में बढ़ते रहने की ताकत प्रदान कर सकते, साफ़,स्थिर, स्पस्ट और बेहतर सोच प्रदान कर सके |

यह प्रेरणादायक सुविचार, उन महान लोगों के महान विचार है, जिन्होंने अपने जीवन में कभी हार नहीं मानी, और जीवन के मुश्किल से मुश्किल दौर को पार कर, यह साबित कर दिखाया की वे व्यक्ति ताकतवर सोच रखते हैं |

जीवन में क्यों मायने रखते है,प्रेरणादायक सुविचार |

कुछ भी पढने से पहले यह भी समझना ज़रूरी है की, महान लोगो के सुविचार आपके जीवन के लिए क्या मायने रखता हैं?

महान व्यक्ति वे है, जो ताकतवर सोच से जीवन जीते है | वे कमज़ोर सोच को मन में पनांह नहीं देते |...वे आग से गुज़रते हैं| महान लोगो के महान सुविचार जीवन उनके के अनुभव, और निर्नायाकता का मेल होते है, जो आपको जीवन के प्रति साफ स्पस्ट और सकारात्मक सोच प्रदान करते है|

कुछ प्रेरणा-दायक सुविचार, बेहतर सुविचार, चर्चित सुविचार चुनकर इस लेख में है, जिन्हें अगर आप सच्चे मन से पड़ेंगे, और दिमाग में संचित रखेंगे, तो ये आपको जीवन में कभी न रुकने वाली ताकत प्रदान करेंगे |

महान सोच रखे वालों के महान प्रेरणादायक सुविचार |

“ख्वाब देखें, देखें, देखे, देखे, ख्यालों में बदलें, और ख्याल क्रिया में बदल जायेंगे|”-
अब्दुल कलाम आज़ाद |

“सफल होने के लिए अपने सफलता की चाहत ज्यादा होनी चाहिए आपके असफलता के डर से |”-
बिल कोस्बी

“वे नौका जो विपरीत दिशा में बढेगी,वे कभी उगता सूर्य नहीं देख पाएंगी|” -
बिल कोस्बी

“यहाँ तक की काली से काली रात भी ख़त्म होती, और सूरज उगेगा|”-
लीओ

“ना तो इस दुनिया में और ना ही किसी ओर में, उनके लिए खुशियाँ संचित रहती है जो हमेशा संदेह करते है |”
- श्रीमद भगवद गीता |

“वे आदमी जो अपने वक्त एक एक घंटा युही खराब करने की हिम्मत कर सकता है,उसने जीवन का मूल नहीं खोजा |”
- चार्ल्स डार्विन

“मेरा ज़ायका सरल है, मै बेहतर के साथ संतुष्ट रहता हूँ |”
- विंस्टन चर्चिल

“भविष्य को बतलाने का सबसे बेहतर तरीका है, उसे बना डालना|”- अब्राहम लिंकन |

“चैंपियन बनने के लिए आपको खुद में विश्वास करना होगा, तब जब ओर कोई नहीं करेगा|”
- सुगर रे रोबिनसन |

“आप उस व्यक्ति को कभी हरा नहीं सकते, जो कभी हार नहीं मानता|” - बेब रुथ

“मैने एक के बाद एक हार का सामना किया है, इसलिए मै जीत पाया|”
- माइकल जोर्डन

“इंसान का परीक्षा वहाँ नहीं होती, जहां वे आराम और विवादों के लम्हों से खड़े होता है,बल्कि होती उस वक्त हैं जहां वे चौनोतियों और विवादों में खड़े रहता है|”
- मार्टिन लूथर किंग

“जीवन वास्तव में सरल है, पर हम उसे उलझाने में लगे रहते है|”
- कन्फ़्यूशियस

“अगर आप जीतते तो आपको समझाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी,पर अगर आप हार गए तो आप होंगे नहीं समझाने के लिए|”
- अडोल्फ़ हिटलर

“नर्क के रस्ते तीन है, लोभ,क्रोध,लालच|”
- श्रीमद भगवद गीता |

“खुद के अन्दर के शैतान को चोट दें, बजाएं किसी ओर के अन्दर के शैतान को चोट देने के|”
- कन्फ़्यूशियस

“वे जो मन में डर रखते है, वे अपनी कुर्सी पर आराम से विराजमान रहते है|”
- कन्फ़्यूशियस

“वे लोग जो लगन से अपना काम करते है,वे सबसे ज्यादा खुश हैं|”

“एक बुद्धिमान नर्क बेहतर होगा,एक बेवकूफी स्वर्ग से |”
- विक्टर ह्यूगो

“सुने सब की,बात करे कम से|”
- शेक्सपीयर

“सभी लड़ाकों में सबसे ताकतवर लड़ाके ये हैं, वक्त और धैर्य |”
- लियो टॉलस्टॉय

“क्रोधित होने के लिए आपको सज़ा नहीं दी जायेंगे, क्रोध आपको सज़ा देगा|”
- गौतम बुद्ध

“खड़े रहकर मरना बेहतर है,बजाए घुटनों पर जीने के |”

“मेरी चाहत खत्म करे दें, मेरे ख्याल घुम्राह करे दें, मुझे कुछ बेहतर दिखाए, और मै आपके पीछे चल दूंगा|”
- FYODOR DOSTOEVSKY

“मैने जीवन में एक दिन भी कभी काम नहीं किया, सब मज़ा था|” - थॉमस अल्वा एडिसन

“अपने गलतियों के लिए शर्मिंदा ना होए,और ना ही उन्हें जुर्म में बदलें|” - कन्फ़्यूशियस

“वे जो दूसरों का भला करने की सोच रखते है,वे खुद का पहले ही कर चुके होते है|”- कन्फ़्यूशियस

“वे वक्त जब डर आपके करीब आये, उसपर वार करें और खत्म करे दे |”- चाणक्या

“नामुमकिन चीज़ें करने में कुछ अलग ही मज़ा आता है|”
- वाल्ट डिज्नी

“कुछ नामुमकिन नहीं|”
- वाल्ट डिज्नी



अमिताभ बच्चन

“सच कहूँ तो मैं कभी ‘आइकन’ , ‘सुपरस्टार’, इत्यदि विश्लेषणों के चक्कर में नहीं पड़ा | मैं हमेशा खुद को एक अभिनेता के रूप में देखता हूँ जो अपनी काबीलियत के अनुसार जितना अच्छा कर सकता हूँ कर रहा हूँ |”

“प्रिय टीवी मीडिया और मेरे घर के बाहर खड़ी वैन्स, कृपया इतना तनाव मत लीजिये और इतनी कड़ी मेहनत मत कीजिए |”

“यह एक रणक्षेत्र है, मेरा शरीर, जिसने बहुत कुछ सहा है |”

“मुझे कभी-कभी इस तथ्य से दुःख होता है कि मेरे पास एक पूर्ण और निरोग शरीर नहीं है|”

“मैंने बोफोर्स की वजह से राजनीति नहीं छोड़ी | मैंने राजनीती इसलिए छोड़ी क्योंकि मैं तुच्छ राजनीतिक खेल खेलना नहीं जानता | मैं तब भी नहीं जानता था और अब भी नहीं जानता हूँ|”

“मैं कभी भी अपने कैरियर को लेकर आश्वस्त नहीं रहा हूँ |”

“मैं कभी एक सुपरस्टार नहीं रहा और कभी इसमें यकीन नहीं किया |”

“ऐसी बहुत सी चीजें हैं जो मुझे लगता है कि मैंने कई चीजें मिस कर दी हैं|”

“असल में मैं बस एक अभिनेता हूँ जो अपने काम से प्यार करता है और उम्र के बारे में ये सब बातें केवल मीडिया में पनपती हैं|”

“मुझे ऐश्वर्या के साथ रोमांस करने में ख़ुशी होगी | लेकिन मैं अट्ठावन साल का हूँ | इसलिए मुझे उनका पिता बनना होगा |”

“मैं जिन चीजों से गुजरा हूँ और जिस असाधारण तरीके से मेरे शरीर ने प्रतिक्रिया की वह अद्भुत है| आश्चर्य नहीं की मैं धार्मिक हो गया, क्योंकि आप नहीं जानते कि आपके साथ कुछ चीजें क्यों हो रही हैं और आपको नहीं पता की आप कैसे बाउंस बैक करते हैं|”

“हर किसी को स्वीकार करना चाहिए कि हमारी उम्र बढ़ेगी और उम्र का बढ़ना हमेशा प्रशंशापूर्ण नहीं होता|”

“जो थोड़े-बहुत लोग यथार्थवादी सिनेमा बनाते हैं, जो ऐसा सिनेमा बनाते हैं जो शायद पश्चिमी दर्शकों को अधिक स्वीकार्य है, वे बहुत कम हैं |”

“हमारी कहानियों के स्वरुप की वजह से भारतीय अभिनेताओं को अच्छा अभिनय आना ज़रूरी है, और उन्हें भावनात्मक दृश्यों, थोड़ी कोमेडी , नाचना- गाना, एक्शन आना चाहिए, क्योंकि ये सब एक ही फिल्म का हिस्सा होते हैं | मैं कहूँगा कि कई महीनो हॉलीवुड अभिनेताओं की तुलना में भारतीय अभिनेताओं से अधिक अपेक्षा होती है |”

“मैं किसी तकनीक का प्रयोग नहीं करता; मैं अभिनय करने के लिए प्रशिक्षित नहीं किया गया | मैं बस फिल्मो में काम करना पसंद करता हूँ|”

बिल गेट्स

“यदि आप अच्छा बना नहीं सकते तो कम से कम ऐसा करिए कि वो अच्छा दिखे |”

“आपके सबसे असंतुष्ट कस्टमर आपके सीखने का सबसे बड़ा श्रोत हैं |”

“सफलता एक घटिया शिक्षक है | यह लोगों में यह सोच विकसित कर देता है कि वो असफल नहीं हो सकते |”

“सफलता की ख़ुशी मानना अच्छा है पर उससे ज़रूरी है अपनी असफलता से सीख लेना |”

“चाहे वो गूगल हो या एप्पल या फ्री सौफ्टवेयर , हमारे कुछ शानदार प्रतिस्पर्धी हैं जो हमें चौकन्ना रखते हैं|”

“ऐसे लोग हैं जिन्हें पूँजीवाद पसंद नहीं है, और ऐसे लोग भी हैं जिन्हें पर्सनल कम्प्यूटर्स पसंद नहीं है | पर ऐसा कोई भी नहीं है जिसे पी सी पसंद हो और वो माइक्रोसोफ्ट को पसंद ना करता हो |”

“जीवन न्याययुक्त नहीं है , इसकी आदत डाल लीजिए|”

“अगर मैं पहले से कोई अंतिम लक्ष्य बना के चलता तो क्या आपको नहीं लगता है कि मैं उसे सालों पहले पूरा कर चुका होता |”

यदि जनरल मोटर्स कम्प्यूटर इंडस्ट्री के हिसाब से अपनी प्रौद्योगिकी का विकास करता तो आज हम $25 की कार चला रहे होते जो 1000 माईल्स पर गैलन के हिसाब से चलती |

“अगर हम अगली सदी की तरफ देखें तो लीडर वो होंगे जो दूसरों को शक्ति बना सकें |”



ब्रूस ली

“मैं उस आदमी से नहीं डरता जिसने १०,००० किक्स की प्रैक्टिस एक बार की हो , बल्कि मैं उस आदमी से डरता हूँ जिसने एक किक की प्रैक्टिस १०,००० बार की हो।“

“दिखावा करना किसी मूर्ख का अपना महत्व दिखाने का तरीका है।“

“अगर आप अपनी ज़िन्दगी से प्यार करते हैं तो वक़्त मत बर्वाद करें , क्योंकि वो वक़्त ही है जिससे ज़िन्दगी बनी होती है।“

“जितना एक मूर्ख व्यक्ति किसी बुद्धिमानी भरे उत्तर से नहीं सीख सकता उससे अधिक एक बुद्धिमान एक मूर्खतापूर्ण प्रश्न से सीख सकता है।“

“ज्ञान आपको शक्ति देगा ,लेकिन चरित्र सम्मान देगा।“

“हमेशा अपने वास्तिक रूप में रहो , खुद को व्यक्त करो , स्वयं में भरोसा रखो , बाहर जाकर किसी और सफल व्यक्तित्व को मत तलाशो और उसकी नक़ल मत करो।“

“गलतियां हमेशा क्षमा की जा सकती हैं , यदि आपके पास उन्हें स्वीकारने का साहस हो।“

“मैं इस दुनिया में आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए नहीं हूँ और आप इस दुनिया में मेरी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए नहीं हैं।“

“ध्यान दीजिए कि सबसे कठोर पेड़ सबसे आसानी से टूट जाते हैं , जबकि, बांस या विलो हवा के साथ मुड़कर बच जाते है।“

“यदि आप किसी चीज के बारे में सोचने में बहुत अधिक समय लगाते हैं , तो आप उसे कभी कर नहीं पाएंगे।“

“अमरता की कुंजी पहले एक याद रखने लायक जीवन जीने में हैं।“

“चीजों को ऐसे लें जैसी वे हैं। जब घूँसा मारना हो तब घूंसा मारें। जब लात मारनी हो लात मारें।“

“जल्दी गुस्सा करना जल्द ही आपको मूर्ख साबित कर देगा।“

“जैसा आप सोचते हैं , वैसा आप बन जायेंगे।“

चार्ली चैपलिन

“हंसी के बिना बिताया हुआ दिन बर्बाद किया हुआ दिन है |”

“सबसे दुखद चीज जिसकी मैं कल्पना कर सकता हूँ वो है विलासिता का आदी होना |”

“हम सोचते बहुत हैं और महसूस बहुत कम करते हैं |”

“इस मक्कार दुनिया में कुछ भी स्थायी नहीं है , यहाँ तक की हमारी परेशानिया भी नहीं |”

“किसी आदमी का असली चरित्र तब सामने आता है जब वो नशे में होता है|”

“ज़िन्दगी करीब से देखने में एक त्रासदी है , लेकिन दूर से देखने पर एक कॉमेडी|”

“एक आवारा, एक सज्जन, एक कवि, एक सपने देखने वाला , एक अकेला आदमी, हमेशा रोमांस और रोमांच की उम्मीद करते है|”

“असफलता महत्त्वहीन है | अपना मजाक बनाने के लिए हिम्मत चाहिए होती है |”

“सच में हंसने के लिए आपको अपनी पीड़ा के साथ खेलने में सक्षम होना चाहिए|”

“मैं ईश्वर के साथ शांति से हूँ | मेरा टकराव इंसानों के साथ है |”

“मैं ऐसी सुन्दरता के साथ धैर्यपूर्वक नहीं रह सकता जिसे समझने के लिए किसी को व्याख्या करनी पड़े|”

“मैंने सोचा कि मैं बैगी पैंट, बड़े जूते, एक छड़ी और एक डर्बी टोपी पहन कर तैयार होऊंगा| सब कुछ उल्टा : पैंट बैगी , कोट तंग, छोटी टोपी और बड़े जूते|”

“हास्य टॉनिक है , राहत है , दर्द रोकने वाला है|”

“इंसानों की नफरत खत्म हो जाएगी, तानाशाह मर जाएंगे, और जो शक्ति उन्होंने लोगों से छीनी वो लोगों के पास वापस चली जायेगी, और जब तक लोग मरते रहेंगे , स्वतंत्रता कभी ख़त्म नहीं होगी |”

“मैं सिर्फ और सिर्फ एक चीज रहता हूँ और वो है एक जोकर | ये मुझे राजनीतिज्ञों की तुलना में कहीं ऊँचे स्थान पर स्थापित करता है |”

डेले कार्नेगी

“उत्साहित होने का नाटक कीजिए और आप अत्साहित हो जायेंगे |”

“पहले कठिन काम पूरे कीजिए | आसान काम खुद-बखुद पूरे हो जायेंगे|”

“असफलता को सफलता में बदलो | निराशा और असफलता सफलता के रास्ते में आने वाली दो निश्चित पद चिन्ह हैं |”

“आप जो करने से डरते हैं उसे करिए और करते रहिये...अपने दर पर विजय पाने का यही सबसे पक्का और तेज तरीका है जो आज तक खोजा गया है|”

“डर कहीं और नहीं बस आपके दिमाग में होता है|”

“उनसे मत डरिये जो बहस करते हैं बल्कि उनसे डरिए जो छल करते हैं|”

“अगर तुम्हे नीद नहीं आ रही, तो उठो और कुछ करो, बजाए लेटे रहने और चिंता करने के | नीद की कमी नहीं, चिंता तुम्हे नुकसान पहुंचाती है|”

“खुद के लिए और अपनी माजूदा स्थिति के लिए अफ़सोस करना, ना केवेल उर्जा की बर्वादी है बल्कि शायद ये सबसे बुरी आदत है जो आपके अन्दर हो सकती है|”

“पहले स्वयं से पूछिए: सबसे बुरा क्या हो सकता है? फिर उसे स्वीकार करने के लिए तैयार रहिये.और उसके बाद उस बुरे को कम बुरा करने के लिए प्रयास करें|”

“प्रसन्नता बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर नहीं करती, वो हमारे मानसिक दृष्टिकोण से संचालित होती है |”

“यदि तुम जो तुम कर रहे हो उसमे विश्वास रखते हो तो किसी भी चीज को अपने काम को रोकने मत दो | दुनिया के ज्यादातर बेहेतरीन काम असंभव लगने के बावजूद किये गए हैं, ज़रूरी है की काम पूरा हो|”

“क्या तुम ज़िन्दगी से ऊब चुके हो? तो फिर खुद को किसी ऐसे काम में झोंक दो जिसमे दिल से यकीन रखते हो, उसके लिए जियो, उसके लिए मरो, और तुम वो ख़ुशी पा लोगे जो तुम्हे लगता था की कभी तुम्हारी नहीं हो सकती |”

“हर देश खुद को और देशों से बेहतर समझता है.इसी से देशभक्ति आती है- और युद्ध भी|”

“कोई भी मूर्ख आलोचना, निंदा, और शिकायत कर सकता है- और ज्यादातर मूर्ख करते हैं|”

“तालियाँ, रशीद हैं, बिल नहीं |”



धीरुभाई अम्बानी

“बड़ा सोचो , जल्दी सोचो , आगे सोचो | विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है |”

“एक दिन धीरुभाई चला जायेगा | लेकिन रिलायंस के कर्मचारी और शेयर धारक इसे चलाते रहेंगे | रिलायंस अब एक विचार है , जिसमे अम्बानियों का कोई अर्थ नहीं है |

“कठिन समय में भी अपने लक्ष्य को मत छोड़िये और विपत्ति को अवसर में बदलिए |”

“यदि आप दृढ संकल्प और पूर्णता के साथ काम करेंगे तो सफलता ज़रूर मिलेगी |”

“समय सीमा पर काम खत्म कर लेना काफी नहीं है, मैं समय सीमा से पहले काम खत्म होने की अपेक्षा करता हूँ |”

“हमारे स्वप्न विशाल होने चाहिए | हमारी महत्त्वाकांक्षा ऊँची होनी चाहिए | हमारी प्रतिबद्धता गहरी होनी चाहिए और हमारे प्रयत्न बड़े होने चाहिए | रिलायंस और भारत के लिए यही मेरा सपना है |”

“हम अपने शाशकों को नहीं बदल सकते पर जिस तरह वो हम पे शाशन करते हैं उसे बदल सकते हैं |”

“फायदा कमाने के लिए न्योते की ज़रुरत नहीं होती |”

“रिलायंस में विकास की कोई सीमा नहीं है | मैं हमेशा अपना वीज़न दोहराता रहता हूँ | सपने देखकर ही आप उन्हें पूरा कर सकते हैं |”

“युवाओं को एक अच्छा वातावरण दीजिए | उन्हें प्रेरित कीजिये . उन्हें जो चाहिए वो सहयोग प्रदान कीजिए | उसमे से हर एक आपार उर्जा का श्रोत है | वो कर दिखायेगा |”

“मेरे भूत , वर्तमान और भविष्य के बीच एक आम कारक है : रिश्ते और विश्वास | यही हमारे विकास की नीव हैं |”



डॉ. सिअस

“केवल आप ही अपना भविष्य नियंत्रित कर सकते हैं ।“

“आज तुम तुम हो ! ये सच से भी सच है ! कोई भी ऐसा नहीं है जो तुमसे ज्यादा तुम हो ! इसलिए रो मत कि सब खत्म हो गया। मुस्कुराओ कि ऐसा हुआ।“

“जितना अधिक आप पढ़ेंगे , उतना ही अधिक चीजें आप जानेंगे| जितना अधिक आप जानेंगे , उतनी ही अधिक आप सफलता प्राप्त करेंगे ।“

“बड़ी सावधानी और चतुराई से अपने कदम बढाइये , और याद रखिये की जीवन संतुलन बनाये रखने का एक महान काम है|”

“कैसे इतनी जल्दी इतनी देर हो गयी ? दोपहर से पहले ही रात हो गयी , दिसंबर जून से पहले आ गया | हे भगवान समय कैसे उड़ गया | कैसे इतनी जल्दी इतनी देर हो गयी ?

“आज अच्छा था । आज मजेदार था । कल एक और ऐसा दिन होगा।“

“मुझे बकवास पसंद है , यह दिमाग की कोशिकाओं को जगाता है|”

“मैंने सुना है एक से अधिक तरह की मुसीबतें होती हैं ; कुछ सामने से आती हैं तो कुछ पीछे से । पर मैं एक बड़ा सा बल्ला ले कर आया हूँ । मैं पूरी तरह से तैयार हूँ , तुम देखना , अब मेरी मुसीबतों को मुझसे मुसीबत होगी |”

“आप कभी इतने बूढ़े , इतने अनोखे , इतने जंगली नहीं हो सकते की एक किताब उठकर बच्चे के सामने न पढ़ सकें।“

“जो मैंने कहा वो मेरा मतलब था और मैंने वो कहा जो मेरा मतलब था।“

“आपको शिक्षकों से मदद मिल सकती है , लेकिन आपको बहुत कुछ अपने आप सीखना होगा , कमरे में अकेले बैठे हुए।“

“आपके सिर में दिमाग है। आपके जूते में पैर है। आप जिस दिशा में चाहें जा सकते हैं। आप अपने दम पर हैं, और आप वो जानते हैं जो आप जानते हैं। और आप ही वो इंसान हैं जो तय करेगा कि जाना कहाँ है।“



जॉर्ज बर्नार्ड शॉ

"जो अपना दिमाग नहीं बदल सकते वे कुछ भी नहीं बदल सकते |"

"ज़िन्दगी खुद को खोजने के बारे में नहीं है | ज़िन्दगी खुद को बनाने के बारे में है |"

"कभी सूअरों के साथ कुश्ती मत लड़िए | आप गंदे भी होते हैं और सूअर को इसमें मजा भी आता है |"

"विवेकी व्यक्ति खुद को दुनिया के हिसाब से ढाल लेता है : अविवेकी व्यक्ति इस कोशिश में लगा रहता है की दुनिया उसके हिसाब से ढल जाए | इसलिए सार विकास अविवेकी व्यक्ति पर निर्भर करता है |"

"गलतियाँ करते हुए बिताया गया जीवन बिना कुछ किये बिताए गए जीवन की तुलना में न सिर्फ अधिक सम्मान-जनक है बल्कि अधिक उपयोगी भी है |"

"इसे एक नियम बना लीजिए कभी भी किसी बच्चे को वो किताब पढ़ने को मत दीजिए जो आप खुद नहीं पढेंगे |"

"तुम चीजें देखते हो ; और कहते हो , 'क्यों ?' लेकिन मैं उन चीजों के सपने देखता हूँ जो कभी थीं ही नहीं ; और मैं कहता हूँ 'क्यों नहीं ?"

“जानवर मेरे दोस्त हैं ...और मैं अपने दोस्तों को नहीं खाता |”

“आह , बाघ आपसे प्रेम करेगा | खाने के प्रति प्रेम से सच्चा कोई प्रेम नहीं है |”

“जो लोग कहते हैं कि इसे नहीं किया जा सकता उन्हें उन लोगों को नहीं टोकना चाहिए जो कर रहे हैं |”

“हम सेक्स के बारे में पोप से राय क्यों लें ? अगर उन्हें इसके बारे में कुछ पता होता तो वो ऐसे क्यों होते !”

“आप अपना चेहरा देखने के लिए आइना प्रयोग करते हैं ; आप अपनी आत्मा देखने के लिए कलाकृतियाँ देखते हैं |”

“सफलता कभी गलती ना करने में निहित नहीं होती बल्कि एक ही गलती दोबारा ना करने में निहित होती है |”

“मेरा मजाक करने का तरीका है सच बताना, ये दुनिया का सबसे मजेदार मजाक है |”

“कम्युनिकेशन के साथ सबसे बड़ी समस्या है कि इसके हो चुकने का भ्रम हो जाना |”

जॉर्ज वाशिंगटन

“बुरी संगत में रहने से अच्छा अकेले रहना है |”

“बिना प्रभु और बाइबिल के देश पर सही ढंग से शासन करना असंभव है|”

“सभी के साथ विनम्र रहे , पर कुछ ही के साथ अन्तरंग हों , और इन कुछ को अपना विश्वास देने से पहले अच्छी तरह परख लें |”

“बंदूकें महत्त्व में सिर्फ संविधान से कम होती हैं; वे लोगों की स्वतंत्रता का दांत होती हैं |”

“यदि बोलने की स्वतंत्रता छीन ली जाए तो शायद गूंगे और मौन हम उसी तरह संचालित होंगे जैसे भेड़ को बलि के लिए ले जाया जा रहा हो|”

“सरकार तर्कपूर्ण नहीं है, वह सुवक्ता नहीं है; वह ताकत है | आगाह की तरह , वह एक खतरनाक नौकर है और एक भयानक मालिक |”

“प्रसन्नता और नैतिक कर्तव्य एक दूसरे से पूरी तरह से जुड़े हुए हैं|”

“यदि आप अपनी प्रतिष्ठा का सम्मान करते हैं तो अच्छे गुडों से संपन्न लोगों के साथ जुड़िये ; क्योंकि बुरी संगत में रहने से अच्छा अकेले रहना है |”

“वह समय बहुत नज़दीक है जो तय करेगा कि अमेरिकी स्वतंत्र होंगे या गुलाम |”

“दिखावटी देशभक्ति के पाखण्ड से बचिए |”

“यदि हम अपमान से बचना चाहते हैं तो हमें उसे झटकना आना चाहिए ; यदि हम शांति बांये रखना चाहते हैं , जो कि हमारी बढती समृद्धि का एक बेहद महत्त्वपूर्ण उपकरण है , तो ये ज़रूर पता होना चाहिए कि हम हर समय युद्ध के लिए तैयार हैं |”

“सच्ची दोस्ती धीमी गति से उगने वाला पौधा है , और कोई इस पदवी का हकदार बने उससे पहले उसे विपत्ति के झटको से गुजरना और उन्हें सहना होगा |”

“अनुभव हमें सिखाता है कि कब्ज़ा जमाने के बाद दुश्मन को हटाने की तुलना में उसे कब्ज़ा करने से रोकना कहीं आसान है|”

“चलिए एक ऐसा मानक बनाएं जिसपर बुद्धिमान और ईमानदार चल सकें ; बाकि भगवान् के हाथ में है |”

“मेरी माँ सबसे खूबसूरत औरत थीं जिसे मैंने कभी देखा | मैं जो भी हूँ अपनी माँ की वजह से हूँ | मैं अपने जीवन में मिली सभी सफलता का श्रेय उनसे मिली नैतिक, बौद्धिक और शारीरिक शिक्षा को देता हूँ |”



ग्रुशो मार्क्स

“अगर आप मज़ा नहीं कर रहे हैं , तो आप कुछ गलत कर रहे हैं|”

“बीता हुआ कल मर चुका है , आने वाला कल अभी आया नहीं है। मेरे पास बस एक दिन है , और मैं इसमें खुश रहूँगा |”

“दूसरों की गलतियों से सीखो। तुम कभी इतना लम्बा नहीं जी सकते की सारी गलतियां खुद करो |”

“कुछ लोग दावा करते हैं कि शादी रोमांस में ख़लल डालती है। इसमें कोई शक नही है। जबकभी आप रोमांस करते हैं, आपकी पत्नी निश्चित रूप से हस्तक्षेप करती है |”

“मेरे पास तुम्हारे लिए कुछ नहीं बस सम्मान है – और वो भी कुछ ज्यादा नहीं है |”

“अगर कोई काली बिल्ली आपका रास्ता काटती है, तो इसका मतलब है कि वो कहीं जा रही है |”

“जो कोई भी ये कहता है कि वो महिलाओं को अच्छी तरह से समझ सकता है वो बहुत कुछ चूक रहा है |”

“हज़ार में केवल एक पुरुषों का लीडर है – बाकी के ९९९ महिलाओं का पीछा करते हैं |”

“मैं कभी कोई चेहरा भूलता नहीं हूँ, लेकिन आपके मामले में मुझे एक अपवाद बनाने में ख़ुशी होगी |”

“मैंने बहुत सी शानदार शामें बितायी हैं, लेकिन ये वैसी नहीं थी |”



जैक वेल्च

“इससे पहले कि बदलना पड़े बदल जाइए|”

“अपना भाग्य स्वयम नियंत्रित करिए नहीं तो कोई और करने लगेगा|”

“सभी के साथ स्पष्ट रहिए |”

“सच्चाई का सामना ऐसे कीजिए जैसे कि वो है, ना की जैसी थी या आप उसे जैसा होना चाहते हैं |”

“लोगों को आत्मविश्वास देना ही अब तक का सबसे ज़रूरी काम है जो मैं कर सकता हूँ | क्योंकि तब वो काम करेंगे |”

“किसी संगठन की सीखने और उस सीख को तेजी से क्रियान्वित करने की क्षमता ही उसे काम्पटीटिव ऐडवांटेज देती है|”

“प्रबंधन मत कीजिए - बदलाव का नेत्रित्व कीजिए, इससे पहले की आपको करना पड़े |”

“मुझे एक अत्यधिक सफल उद्योग बताइए जहाँ यूनियन चलती हो |”

“वैश्वीकरण ने हमें एक ऐसी कंपनी में बदल दिया है जो दुनिया खोजती है, ना सिर्फ बेंचने या खरीदने के लिए बल्कि बौद्धिक पूँजी तलाशने के लिए भी- दुनिया की सबसे बेहेतरीन प्रतिभाएं और महानतम विचार|”

“अच्छे बिजनेस लीडर विज़न बनाते हैं, विज़न बताते हैं,विज़न को उत्साह के साथ अपनाते हैं,और सतत उसे पूर्ण करते हैं|”

“मैं इन्टरनेट से डरता था ...क्योंकि मैं टाइप नहीं कर पाता था|”

“मैंने सीखा है कि गलतियाँ अक्सर उतनी ही अच्छी शिक्षक हो सकती हैं जितनी की सफलता|”

“मेरा मुख्य काम प्रतिभाओं का विकास करना था| मैं एक माली था जो शीर्ष के ७५० लोगों को पानी और अन्य पोषण देता था | बेशक, मुझे कुछ कांटे भी निकालने पड़े|”



जवाहर लाल नेहरु

“असफलता तभी आती है जब हम अपने आदर्श, उद्देश्य, और सिद्धांत भूल जाते हैं |”

“महान कार्य और छोटे लोग साथ नहीं चल सकते|”

“संकट के समय हर छोटी चीज मायने रखती है|”

“एक ऐसा क्षण जो इतिहास में बहुत ही कम आता है, जब हम पुराने के छोड़ नए की तरफ जाते हैं , जब एक युग का अंत होता है , और जब वर्षों से शोषित एक देश की आत्मा , अपनी बात कह सकती है|”

“कार्य के प्रभावी होने के लिए उसे स्पष्ठ लक्ष्य की तरफ निर्देशित किया जाना चाहिए|”

“एक नेता या कर्मठ व्यक्ति संकट के समय लगभग हमेशा ही अवचेतन रूप में कार्य करता है और फिर अपने किये गए कार्यों के लिए तर्क सोचता है|”

“एक सिद्धांत को वास्तविकता के साथ संतुलित किया जाना चाहिए|”

“जब तक मैं स्वयं में आश्वस्त हूँ की किया गया काम सही काम है तब तक मुझे संतुष्टि रहती है |”

“नागरिकता देश की सेवा में निहित है|”

“संकट और गतिरोध जब वे होते हैं तो कम से कम उनका एक फायदा होता है कि वे हमें सोचने पर मजबूर करते हैं|”

“संस्कृति मन और आत्मा का विस्तार है|”

“लोकतंत्र और समाजवाद लक्ष्य पाने के साधन है, स्वयम में लक्ष्य नहीं|”

“लोकतंत्र अच्छा है | मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि बाकी व्यवस्थाएं और बुरी हैं|”

“तथ्य तथ्य हैं और आपके नापसंद करने से गायब नहीं हो जायेंगे|”

“मैं पूर्व और पश्चिम का अनूठा मिश्रण बन गया हूँ, हर जगह बेमेल सा , घर पर कहें का नही |”



जॉन डी. रॉकफेलर

“मैंने हमेशा प्रयास किया है कि हर एक आपदा को एक अवसर में बदल दिया जाए |”

“सही चीज करने के बाद, सबसे ज़रूरी चीज है लोगों का ये जानना कि आप सही चीज कर रहे हैं |”

“अगर अमीर बनाना ही तुम्हारा एक मात्र लक्ष्य है, तो तुम इसे कभी हासिल नहीं कर पाओगे |”

“यदि आप सफल होना चाहते हैं तो आपको स्वीकार्य सफलता के घिसे -पिटे रास्तों की बजाए नए रास्तों पर चलना चाहिए।“

“व्यवसाय पर आधारित मित्रता, मित्रता पर आधारित व्यवसाय से बेहतर है|”

“कुछ महान करने के लिए अच्छे को छोड़ने से घबराइए मत |”

“मैं अपने खुद के प्रयासों से 100 % कमाने की बजाए 100 लोगों के प्रयासों से 1% कमाना चाहूँगा |”

“प्रतिस्पर्धा एक पाप है |”

“अच्छा नेत्रित्व औसत लोगों को यह दिखाने में निहित है कि श्रेष्ठ लोगों का काम कैसे किया जाता है |”

“अच्छा है मैं ये नहीं सोचता कि किसी भी तरह की सफलता के लिए दृढ़ता के गुण से अधिक कोई और गुण आवश्यक है . ये लगभग हर चीज से पार पा लेता है , यहाँ तक की प्रकृति से भी |”

“मैं श्रम की गरिमा में यकीन रखता हूँ , चाहे वो दिमाग से हो या हाथ से ; दुनिया किसी की जीविका के लिए जिम्मेदार नहीं है पर यह हर व्यक्ति को जीविका के अवसर देने के लिए जिम्मेदार है |”

“दान तब तक हानिकारक है जब तक वो दान पाने वाले को इससे स्वतंत्र नहीं कर देता |”

“और हम कभी भी इतने बड़े नहीं होते कि बाइबिल ना पढ़ सकें | हर एक बार जब पाठ पढ़े जाते हैं तो कुछ नया मतलब निकलता है , कुछ नए विचार जो हमें बेहतर बनायेंगे |”

“हर एक अधिकार का मतलब एक जिम्मेदारी है ; हर एक अवसर एक उपकार और हर एक परिग्रह एक कर्तव्य है |”



कार्ल मार्क्स

हर चीज़ पर सवाल करो |

“इतिहास खुद को दोहराता है, पहले एक त्रासदी की तरह , दुसरे एक मज़ाक की तरह |”

“दुनिया के मजदूरों एकजुट हो जाओ ; तुम्हारे पास खोने को कुछ भी नहीं है ,सिवाय अपनी जंजीरों के |”

“कोई भी जो इतिहास की कुछ जानकारी रखता है वो ये जानता है कि महान सामाजिक बदलाव बिना महिलाओं के उत्थान के असंभव हैं . सामाजिक प्रगति महिलाओं की सामजिक स्थिति, जिसमे बुरी दिखने वाली महिलाएं भी शामिल हैं ; को देखकर मापी जा सकती है |”

“हर किसी से उसकी क्षमता के अनुसार , हर किसी को उसकी ज़रुरत के अनुसार |”

“लोकतंत्र समाजवाद का रास्ता है |”

“पूँजी मृत श्रम है , जो पिशाच की तरह केवल जीवित श्रमिकों का खून चूस कर जिंदा रहता है , और जितना अधिक ये जिंदा रहता है उतना ही अधिक श्रमिकों को चूसता है |”

“धर्म लोगों का अफीम है |”

“धर्म मानव मस्तिष्क जो न समझ सके उससे निपटने की नपुंसकता है|”

“शाशक वर्ग को कम्युनिस्ट क्रांति के डर से कांपने दो . मजदूरों के पास अपनी जंजीरों के आलावा और कुछ भी खोने को नहीं है . उनके पास जीतने को एक दुनिया है . सभी देश के कामगारों एकजुट हो जाओ।“

“सामाजिक प्रगति समाज में महिलाओं को मिले स्थान से मापी जा सकती है |”

“साम्यवाद के सिद्धांत का एक वाक्य में अभिव्यक्त किया जा सकता है: सभी निजी संपत्ति को ख़त्म किया जाए |”

“नौकरशाह के लिए दुनिया महज एक हेर-फेर करने की वस्तु है |”

“इतिहास कुछ भी नहीं करता . उसके पास आपार धन नहीं होता , वो लड़ियाँ नहीं लड़ता . वो तो मनुष्य हैं, वास्तविक , जीवित , जो ये सब करते हैं |”

“शांति का अर्थ साम्यवाद के विरोध का नहीं होना है |”

“अगर कोई चीज निश्चित है तो ये कि मैं खुद एक मार्क्सवादी नहीं हूँ|”



खलील जिब्रान

“अगर मेरा अस्तित्व किसी के नष्ट होने का कारण बनता है तो मौत मुझे अधिक आकर्षक और प्रिय होगी |”

“मित्रता हमेशा एक मधुर ज़िम्मेदारी है , अवसर कभी नहीं|”

“मैं तुमसे प्रेम करता हूँ जब तुम अपने मस्जिद में झुकते हो , अपने मंदिर में घुटने टेकते हो , अपने गिरजाघर में प्रार्थना करते हो। क्योंकि तुम और मैं एक ही धर्म की संतान हैं , और यही भावना है |”

“जो शिक्षक वास्तव में बुद्धिमान है वो आपको अपने ज्ञान प्रकोष्ठ में प्रवेश करने का आदेश नहीं देता बल्कि वो आपको आपके बुद्धि की पराकाष्ठा तक ले जाता है |”

“और क्या कभी यह जाना गया है कि प्रेम स्वयं अपनी गहराई जानता है जब तक कि बिछड़ने का वक़्त ना आये ?”

“मैंने बातूनियों से शांत रहना सीखा है , असहिष्णु व्यक्तियों से सहनशीलता सीखी है , निर्दयी व्यक्तियों से दयालुता सीखी है ; पर फिर भी कितना अजीब है कि मैं उन शिक्षकों का आभारी नहीं हूँ |”

“ज्ञान ज्ञान नहीं रह जाता जब वह इतना अभिमानी हो जाए कि रो भी ना सके, इतना गंभीर हो जाए कि हंस भी ना सके और इतना स्वार्थी हो जाये कि अपने सिवा किसी और का अनुसरण ना कर सके |”

“एक दोस्त जो बहुत दूर है वो कभी कभी करीब रहने वालों से अधिक नज़दीक होता है | क्या पहाड़ , वहां रहने वालों की अपेक्षा घाटी से गुजरने वालों को कहीं अधिक प्रेरणादायी और स्पष्ठ नहीं दिखता ?”

“दोस्ती की मिठास में हास्य और खुशियों का बांटना होना चाहिए . क्योंकि छोटी -छोटी चीजों की ओस में दिल अपनी सुबह खोज लेता है और तरोताज़ा हो जाता है |”

“जाहिर वो है जो तब तक नहीं पता चलता जब तक कि कोई उसे सरलता से व्यक्त नहीं कर देता |”

“आप कैसे जीते हैं ये ज़िन्दगी आपको क्या देती है इससे अधिक आप अपनी ज़िन्दगी को क्या नजरिया देते हैं इसपर निर्भर करता है ; जितना आपकी ज़िन्दगी में क्या हुआ इससे अधिक जो हुआ उसे आप कैसे देखते हैं इसपर निर्भर करता है |”

“आस्था एक अन्तरंग ज्ञान है , प्रमाण से परे |”

“काम प्रेम की अभिव्यक्ति है | और यदि आप प्रेम से नहीं सिर्फ बेमन से काम कर सकते हैं तो बेहतर होगा कि आप अपना काम छोड़ दें और मंदिर के गेट पर बैठ कर उनसे भीख लें जो ख़ुशी से काम करते हैं|”

“थोडा ज्ञान जो प्रयोग में लाया जाए वो बहुत सारा ज्ञान जो बेकार पड़ा है उससे कहीं अधिक मूल्यवान है |”



लाल बहादुर शास्त्री

"आज़ादी की रक्षा केवल सैनिकों का काम नही है, पूरे देश को मजबूत होना होगा | "

"देश के प्रति निष्ठा सभी निष्ठाओं से पहले आती है, और यह पूर्ण निष्ठा है क्योंकि इसमें कोई प्रतीक्षा नहीं कर सकता कि बदले में उसे क्या मिलता है|"

"जो शाशन करते हैं उन्हें देखना चाहिए कि लोग प्रशाशन पर किस तरह प्रतिक्रिया करते हैं. अंततः, जनता ही मुखिया होती है |"

"लोगों को सच्चा लोकतंत्र या स्वराज कभी भी असत्य और हिंसा से प्राप्त नहीं हो सकता है|"

"क़ानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियादी संरचना बरकरार रहे | ओर भी मजबूत बने |"

"आर्थिक मुद्दे हमारे लिए सबसे ज़रूरी हैं, और यह बेहद महत्त्वपूर्ण है कि हम अपने सबसे बड़े दुश्मन गरीबी और बेरोजगारी से लड़ें |"

"हम अपने देश के लिए आज़ादी चाहते हैं, पर दूसरों का शोषण कर के नहीं ,ना ही दूसरे देशों को नीचा दिखा कर | मैं अपने देश की आजादी ऐसे चाहता हूँ कि अन्य देश मेरे आजाद देश से कुछ सीख सकें , और मेरे देश के संसाधन मानवता के लाभ के लिए प्रयोग हो सकें |"

“हम सभी को अपने अपने क्षत्रों में उसी समर्पण , उसी उत्साह, और उसी संकल्प के साथ काम करना होगा जो रणभूमि में एक योद्धा को प्रेरित और उत्साहित करती है | और यह सिर्फ बोलना नहीं है, बल्कि वास्तविकता में कर के दिखाना है |”

“मेरी समझ से प्रशाशन का मूल विचार यह है कि समाज को एकजुट रखा जाये ताकि वह विकास कर सके और अपने लक्ष्यों की तरफ बढ़ सके|”

“यदि मैं एक तानाशाह होता तो धर्म और राष्ट्र अलग-अलग होते | मैं धर्म के लिए जान तक दे दूंगा | लेकिन यह मेरा नीजी मामला है. राज्य का इससे कुछ लेना देना नहीं है | राष्ट्र धर्मनिरपेक्ष कल्याण , स्वास्थ्य , संचार, विदेशी संबंधो, मुद्रा इत्यादि का ध्यान रखेगा ,लेकिन मेरे या आपके धर्म का नहीं | वो सबका निजी मामला है|”

“हमारी ताकत और स्थिरता के लिए हमारे सामने जो ज़रूरी काम हैं उनमे लोगों में एकता और एकजुटता स्थापित करने से बढ़ कर कोई काम नहीं है|”

“भ्रष्टाचार को पकड़ना बहुत कठिन काम है, लेकिन मैं पूरे जोर के साथ कहता हूँ कि यदि हम इस समस्या से गंभीरता और दृढ संकल्प के साथ नहीं निपटते तो हम अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने में असफल होंगे|”

“हम सिर्फ अपने लिए ही नहीं बल्कि समस्त विश्व के लिए शांति और शांतिपूर्ण विकास में विश्वास रखते हैं|”

लिओनार्दो दा विंची

“मैं उनसे प्रेम करता हूँ जो मुसीबत में मुस्कुरा सकें, जो संकट में शक्ति एकत्रित कर सकें, और जो आत्मचिंतन से साहसी बन सकें।“

“तीन तरह के लोग होते हैं : वो जो देखते हैं, वो जो दिखाने पर देखते हैं, वो जो नहीं देखते हैं।“

“जहाँ मैं सोचता था कि मैं जीना सीख रहा हूँ, वहीँ मैं मरना सीख रहा था|”

“जैसे एक अच्छी तरह बिताया दिन सुखद नींद लेकर आता है, उसी तरह एक अच्छी तरह बिताया जीवन एक सुखद मौत लेकर आता है।“

“काफी समय पहले से मेरे ध्यान में ये बात है कि सफलता पाने वाले बैठ कर चीजों के होने का इंतज़ार नहीं करते। वे बाहर जाते हैं और वे चीजें कर डालते हैं।“

“सादगी परम जटिलता है।“

“कला कभी ख़त्म नहीं होती , उसे बस त्याग दिया जाता है।“

“सबसे बड़ा धोखा जो लोगों को मिलता है वो उनकी खुद की राय के कारण होता है।“

“रोब को मौन से अधिक और कुछ नहीं मजबूत बनाता।“

“सबसे बड़ी ख़ुशी समझने की ख़ुशी है।“

“मैं किसी काम को करने की तत्परता से प्रभावित हूँ। सिर्फ जानना पर्याप्त नहीं है ; हमें लागू करना चाहिए। इच्छा रखना काफी नहीं है ; हमें करना चाहिए |”

“शादी साँपों से भरे बैग में इस आशा के साथ हाथ डालना है कि मछली निकले।“

“आंखें क्यों किसी चीज को जगे हुए कल्पना करने की तुलना में सपनों में ज्यादा स्पष्ठ्टा से देखती हैं?”



लार्ड महावीर

"आत्मा अकेले आती है अकेले चली जाती है , न कोई उसका साथ देता है न कोई उसका मित्र बनता है |"

"स्वयं से लड़ो , बाहरी दुश्मन से क्या लड़ना ? वह जो स्वयम पर विजय कर लेगा उसे आनंद की प्राप्ति होगी |"

"आपकी आत्मा से परे कोई भी शत्रु नहीं है | असली शत्रु आपके भीतर रहते हैं, वो शत्रु हैं क्रोध , घमंड , लालच ,आसक्ति और नफरत |"

"प्रत्येक जीव स्वतंत्र है| कोई किसी और पर निर्भर नहीं करता |"

"किसी आत्मा की सबसे बड़ी गलती अपने असल रूप को ना पहचानना है , और यह केवल आत्म ज्ञान प्राप्त कर के ठीक की जा सकती है |"

"शांति और आत्म-नियंत्रण अहिंसा है |"

"अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है |"

"हर एक जीवित प्राणी के प्रति दया रखो | घृणा से विनाश होता है |"

"भगवान् का अलग से कोई अस्तित्व नहीं है | हर कोई सही दिशा में सर्वोच्च प्रयास कर के देवत्त्व प्राप्त कर सकता है |"

“प्रत्येक आत्मा स्वयं में सर्वज्ञ और आनंदमय है | आनंद बाहर से नहीं आता |”

“सभी जीवित प्राणियों के प्रति सम्मान अहिंसा है |”

“सभी मनुष्य अपने स्वयं के दोष की वजह से दुखी होते हैं, और वे खुद अपनी गलती सुधार कर प्रसन्न हो सकते हैं |”

“एक व्यक्ति जलते हुए जंगल के मध्य में एक ऊँचे वृक्ष पर बैठा है . वह सभी जीवित प्राणियों को मरते हुए देखता है| लेकिन वह यह नहीं समझता की जल्द ही उसका भी यही हस्र होने वाला है | वह आदमी मूर्ख है |”

“खुद पर विजय प्राप्त करना लाखों शत्रुओं पर विजय पाने से बेहतर है |”

“क्या तुम लोहे की धधकती छड़ सिर्फ इसलिए अपने हाथ में पकड़ सकते हो क्योंकि कोई तुम्हे ऐसा करना चाहता है ? तब , क्या तुम्हारे लिए ये सही होगा कि तुम सिर्फ अपनी इच्छा पूरी करने के लिए दूसरों से ऐसा करने को कहो | यदि तुम अपने शरीर या दिमाग पर दूसरों के शब्दों या कृत्यों द्वारा चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते हो तो तुम्हे दूसरों के साथ अपनों शब्दों या कृत्यों द्वारा ऐसा करने का क्या अधिकार है ?”

मैरी कोम

“जो तुम बोते हो वो तुम काटोगे
जो मैं बोती हूँ वो मैं काटूंगी।“

“हार मत मानो ,हमेशा अगला मौका ज़रूर आता है |”

“हम पुरुषों से अधिक मेहनत करते हैं और देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी ताकत के साथ लड़ने के लिए दृढ हैं।“

“एक खिलाड़ी के जीवन में, दबाव हमेशा बना रहता है; आपको इससे निपटना सीखना होता है।“

“एक सफल बॉक्सर होने के लिए एक मजबूत दिल का होना ज़रूरी है। कुछ महिलाएं शारीरिक रूप से मजबूत होती हैं पर जब मजबूत दिल होने की बात आती है तो वे फेल हो जाती हैं।“

“मेरे पास कोई सहारा नहीं था , कोई मौका नहीं था, मेरे करियर के ज्यादातर समय में मेरे पास कोई प्रायोजक नहीं था।“

“मैंने बॉक्सिंग बस मेरी रूचि की वजह से खेलना शुरू किया और अपने माता-पिता की आर्थिक मदद करने के लिए|”

“मैंने एथेलेटिक्स की शुरुआत १९९९ से की , डिस्कस और शॉट पुट फेंकने के साथ। मैंने अपने परिवार को नहीं बतया कि मैंने बॉक्सिंग कब शुरू की।“

“लोग कहा करते थे कि बॉक्सिंग पुरुषों के लिए है महिलाओं के लिए नहीं और मैं सोचा करती थी कि एक दिन मैं उन्हें दिखाउंगी। मैंने खुद से वादा किया और खुद को साबित किया |”

“अगर मैं दो बच्चों की माँ होकर एक मेडल जीत सकती हूँ, तो आप सब भी ऐसा कर सकते हैं। मुझे एक उदाहरण के तौर पर लें और कभी हार ना मानें |”

“मैं केवल अपनी तकनीक या ताकत पर ही नहीं करती बल्कि अपने मन पर भी भरोसा करती हूँ |”

“मुख्यतः मेरा ध्यान अधिक से अधिक महिला मुक्केबाजों को प्रशिक्षण देना और उनसे उत्कृष्ट प्रदर्शन कराना है।“

“मैं उम्मीद करती हूँ कि हमारे लोगों द्वारा देश के लिए मेडल जीते जाने से नस्लीय भेदभाव कम होगा |”

“मैं अपने बच्चों को मिस करती हूँ, और वे मुझे मिस करते हैं। ये बहुत मुश्किल है , लेकिन मुझे अपने देश के लिए ये करना है और २०१२ लंदन ओलम्पिक में जाने का सपना पूरा करना है।“

“मुक्केबाजी के बिना, मैं नहीं रह सकती। मुझे मुक्केबाजी से प्यार है।“

मोहमद अली

“वह जो जोखिम उठाने का साहस नहीं रखता अपने जीवन में कुछ हासिल नहीं कर सकता |”

“मैं सबसे महान हूँ, मैंने ये तब कहा जब मुझे पता भी नहीं था कि मैं हूँ|”

“मैं इतना तेज हूँ कि कल रात मैंने होटल रूम में लाइट ऑफ की और रूम में अँधेरा होने से पहले अपने बेड पे था |”

“जो आदमी पचास की उम्र में दुनिया को उसी तरह देखता है जैसा कि वो बीस में देखा करता था , ने अपने जीवन के तीस साल बर्बाद कर दिए हैं|”

“दृढ वचनो की पुनरावृत्ति विश्वास पैदा करती है। और एक बार जब वो विश्वास गहरी आस्था में बदल जाता है तो चीजें होने लगती हैं |”

“अगर तुम मुझे हारने का सपना भी देखते हो तो बेहतर होगा उठ कर माफ़ी मांग लो |”

“मैं इस्लाम धर्म में यकीन रखता हूँ| मैं अल्लाह और शांति में यकीन रखता हूँ |”

“औरों की सेवा पृथ्वी पर आपके कमरे का किराया है |”

“वो सामने खड़े पहाड़ नहीं हैं जो आपको थका देते हैं , बल्कि वो आपके जूतों में पड़े कंकड़ हैं जो आपको थका देते हैं |”

“दोस्ती कुछ ऐसा नहीं है जो आप स्कूल में सीखते है। लेकिन यदि आपने दोस्ती का मतलब नहीं सीखा तो दरअसल आपने कुछ नहीं सीखा।“

“मैं ट्रैनिंग के हर एक मिनट से नफरत करता था, लेकिन मैंने कहा , हारमत मानो। अभी सह लो और अपनी बाकी की ज़िन्दगी एक चैंपियन की तरह जियो।“

“मुझे पता है मैं कहाँ जा रहा हूँ और मुझे सच पता है, और मुझे वो नहीं होना है जो तुम चाहते हो। मैं वो होने के लिए स्वतंत्र हूँ जो मैं चाहता हूँ।“

“नदियां , तालाब , झीलें और धाराएं - इनके अलग-अलग नाम हैं, लेकिन इन सबमे पानी होता है ठीक वैसे ही जैसे धर्म होते हैं- उन सभी में सत्य होता है |”

“घर पर मैं एक अच्छा व्यक्ति हूँ : पर मैं नहीं चाहता कि दुनिया ये जाने . मैंने देखा है कि विनम्र लोग अधिक आगे नहीं जाते।“

“ये बस एक काम है | घांस उगती हैं, चिड़िया उड़ती हैं, लहरें रेत को थपेड़े मारती हैं। मैं लोगों को पीटता हूँ |”

नेपोलियन बोनापार्ट

“एक सच्चा आदमी कभी किसी से नफरत नहीं करता |”

“अवसर के बिना काबिलियत कुछ भी नहीं है|”

“अगर आप चाहते हैं कि कोई चीज अच्छे से हो तो उसे खुद कीजिए|”

“मौत कुछ भी नहीं है, लेकिन हार कर और लज्जित होकर जीना रोज़ मरने के बराबर है|”

“उनमे से जो अत्याचार नहीं पसंद करते, कई ऐसे होते हैं जो अत्याचारी होते हैं|”

“हज़ार छूरों की तुलना में चार विरोधी अखबारों से अधिक डरना चाहिए|”

“कोई व्यक्ति सिर्फ चाह कर नास्तिक नहीं बन सकता|”

“एक लीडर आशा का व्यापारी होता है|”

“कोई व्यक्ति अपने अधिकारों से ज्यादा अपने हितों के लिए लडेगा |”

“एक तस्वीर हज़ार शब्दों के बराबर होती है|”

“एक सिपाही एक रंगीन रिबन के लिए दिलो जान से लडेगा |”

“सारे धर्म इंसानों द्वारा बनाये गए हैं|”

“एक सेना अपने पेट के बल पर आगे बढती है|”

“अगली दुनिया में हम सेनापतियों से ज्यादा चिकित्सकों को लोगों की जिंदगियों के लिए जवाब देना होगा |”

“संविधान छोटा और अस्पष्ट होना चाहिए |”

“इंग्लैंड दुकानदारों का देश है |”

“जितनी मुझे फ्रांस की ज़रुरत नहीं है उससे ज्यदा फ्रांस को मेरी ज़रुरत है|”

“जिसे जीत लिए जाने का भय होता है उसकी हार निश्चित होती है|”

“वो जो प्रशंशा करना जानता है, अपमानित करना भी जानता है |”

“इतिहास सहमती से किया गया झूठ का संग्रह है|”

“मैं कभी लोमड़ी बनता हूँ तो कभी शेर| शाशन का पूरा रहस्य ये जानने में है कि कब क्या बनना है |”

“अब मैं आज्ञा का पालन नहीं कर सकता , मैंने आज्ञा देने का स्वाद चखा है, और मैं इसे छोड़ नहीं सकता |”

“कल्पना दुनिया पे शाशन करती है |”

नेपोलियन हिल्स

"इंतज़ार मत करिए | सही समय कभी नहीं आता|"

"हर एक कामयाबी और दौलत की शुरआत एक विचार से होती है |"

"एक लक्ष्य एक समय सीमा के साथ देखा गया स्वप्न है |"

"डर, मन की एक स्थिति के आलावा और कुछ भी नहीं है|

"कोई भी सुझाव, योजना, या उद्देश्य मन में विचार को बार-बार दोहरा कर बैठाया जा सकता है |"

"जीवन में आपको जो भी अवसर चाहिए वो आपकी कल्पना में प्रतीक्षा करते हैं, कल्पना आपके मस्तिष्क की कार्यशाला है, जो आपके मन की उर्जा को सिद्धि और धन में बदल देती है|"

"हर कोई उस तरह का काम करने में आनंद उठता है जिसे करने के लिए वो उपयुक्त है |"

"कार्यवाही बुद्धिमत्ता का असल मापदंड है |"

"बड़ा वेतन और छोटी जिम्मेदारी शायद ही कभी एक साथ पाए जाते हैं|"

“अपने विज़न और सपनो को इस तरह संजोयें जैसे कि वो आपकी आत्मा के बच्चे हों, आपकी उपलब्धियों की मूल योजना|”

“अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने के लिए एक निश्चित योजना बनाएं , और तुरंत इसे क्रियान्वित करने की शुरुआत कर दें, चाहे आप तैयार हों या नहीं|”

“इच्छा ही सभी उपलब्धियों का प्रारंभिक बिंदु है|”

“एडिसन इलेक्ट्रिक बल्ब बनाने में १०,००० बार विफल हुए | यदि कई बार विफल हो जाते हैं तो हिम्मत मत हारिए |”

“शिक्षा भीतर से आती है, आप इसे संघर्ष, प्रयास और विचारों से पाते हैं|”

“आमतौर पर महान उपलब्धियां महान बलिदानों का फल होती हैं, और कभी भी स्वार्थ का परिणाम नहीं होतीं |”

नरेन्द्र मोदी

“राजनीति में कोई पूर्ण विराम नहीं होता |”

“जब हम कहते हैं कि प्रधान मंत्री कमजोर है तब हम उसकी शारीरिक योग्यता के बारे में बात नहीं कर रहे होते | हमारा मतलब होता है कि जिस पद पर वो बैठे हैं उसकी गरिमा कम हो गयी है | जिस कार्यालय में वो बैठते हैं , प्रधानमंत्री कार्यालय उसे सबसे ताकतवर माना जाता है , शश्क्त कार्यालय , लेकिन इस कार्यालय की शक्ति दिखाई नहीं देती |”

“केंद्र सरकार की आतंकवाद से निपटने की कोई इच्छा नहीं है . यह समय की माँगा है कि आतंकवाद के खिलाफ सख्त कारवाई की जाए , जैसा की अमेरिका ने ९/११ के बाद किया और तबसे आतंकवादी उस देश की तरफ देखने की हिम्मत नहीं कर पाए |”

“मैं केंद्र की सरकार को चेतावनी देना चाहता हूँ कि कश्मीर का मुद्दा बहुत संवेदनशील है और उन्हें किसी भी निष्कर्ष पर पहुँचने से पहले देश की जनता को विश्वास में लेना होगा |”

“गुजरात ने हमेश देश को एक नया रास्ता दिखाया है. महात्मा गांधी और सरदार पटेल ने आजादी के लिए देश का नेतृत्व किया और अब गुजरात कृषि, शिक्षा, और पेट्रो रसायन जैसे कई क्षेत्रों में देश में अग्रणी है|”

“गुजरात संभवतः एकमात्र ऐसा राज्य है जहाँ आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाता है |”

“पश्चिम में लोगों ने भारतीयों के प्रति एक गलत धारणा बना राखी है क्योंकि हम पेड़ों की पूजा करते हैं. हम पेड़ों को देवी-देवता का नाम देते हैं और फिर भी उन्हें काट देते हैं| इसी तरह, हिन्दू देवता किसी न किसी जानवर, पक्षी या पेड़ से सम्बंधित होते हैं| ये हमें उनका सम्मान करना सीखाता है|”

“हमें अहमदाबाद और मुंबई के बीच एक तेज और इको-फ्रेंडली परिवहन सुविधा की आवश्यकता है , जो गुजरात और पश्चिम भारत की अर्थव्यवस्था के तीव्र विकास में मदद करेगा |”

“मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूँ कि गुजरात में बनी ट्रेन दिल्ली में भारी चिंता का विषय बन सकती है |”

“जब कोई और खिलाड़ी कम रन बना कर आउट होता है तो लोग दुखी नहीं होते , लेकिन सचिन तेंदुलकर अगर ९० रन पर भी आउट होता है तो उसकी आलोचना होती है क्योंकि लोग उसका आंकलन एक अलग स्तर पर करते हैं| मैं खुश हूँ कि मुझे भी उम्मीदों के पैमाने पर आँका गया है , न कि यश-अपयश के पैमाने पर |”

“मेरा निर्णय शुरू से स्पष्ट है कि मैं गुजरात में हूँ , गुजरात में रहूँगा और राज्य के लोगों की सेवा करूँगा |”

“लोकतंत्र में , जनमत हमेशा निर्णायक होता है और हम सभी को विनम्रता के साथ इसे स्वीकार करना होगा |”

“कुछ नेता मेरे खिलाफ कहानिया गढ़ रहे हैं| तुमने मेरी सेवाएं लीं और अब मुझे किनारे करना चाहते हो | यह बिलकुल अनुचित और अस्वीकार्य है|”

“नाग पंचमी का पर्व इसलिए बनाया गया था क्योंकि सांप मानसून में बाहर निकलते हैं| डरने वाले उन्हें जान से मार सकते हैं | साँपों की पूज़ा करने की परंपरा इसलिए शुरू की गयी थी ताकि कोई उन्हें मारे नहीं |”

पेले

“अभ्यास ही सबकुछ है।“

“पृथ्वी पर हर एक चीज एक खेल है। एक खत्म हो जाने वाली चीज। हम सभी एक दिन मर जाते हैं। हम सभी का एक ही अंत है , नहीं ?”

“खेल कुछ ऐसा है जो युवाओं के लिए बेहद प्रेरणादायक है।“

“ब्राज़ील फुटबॉल खाता, सोता और पीता है। यह फुटबॉल जीता है।“

“मैं पूरी दुनिया में ब्राज़ील का प्रतिनिधित्व करता हूँ। मैं जहाँ भी जाता हूँ मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है, ताकि मैं ब्राजील के लोगों को निराश ना करूँ। और मैंने यही किया है |”

“बहुत से लोग सोचते हैं कि जो बहुत सारे गोल करता है, “वह एक महान खिलाड़ी है ” , क्योंकि गोल बहुत ज़रूरी है , लेकिन एक महान खिलाड़ी वो है जो मैदान में हर एक चीज कर सके। वह साथी खिलाड़ियों की सहायता कर सके , उनका हौंसला बढ़ा सके , उनके अंदर आगे बढ़ने का आत्मविश्वास दे सके। वो कोई ऐसा होता है , जो टीम के अच्छा ना करने पर , उसका लीडर बन सके।“

“हमेशा से मेरी एक फिलोसोफी रही है जो मुझे मेरे पिता से मिली थी। वो कहा करते थे , सुनो। भगवान् ने तुम्हे फुटबॉल खेलने का उपहार दिया है। ये भगवान् की तरफ से तुम्हारा गिफ्ट है | अगर तुम अपनी सेहत का

ध्यान रखो , अगर तुम हमेशा अच्छे शेप में रहो , तो भगवान के उपहार के साथ कोई तुम्हे रोक नहीं पायेगा, लेकिन तुम्हे तैयार रहना होगा।“

“उत्साह सबकुछ है। ये गिटार के तार की तरह कसा और वाइब्रेट करता हुआ होना चाहिए।“

“अगर मैं एक दिन मर जाऊं तो मैं ख़ुशी से जाऊँगा क्योंकि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश की। मेरे खेल ने मुझे ऐसा करने दिया क्योंकि ये दुनिया का सबसे बड़ा खेल है |”

“पेनाल्टी गोल करने का कायरतापूर्ण तरीका है |”

“मुझे नहीं लगता की मैं एक बहुत अच्छा बिजनेसमैन हूँ। मैं बहुत अधिक अपने दिल से काम करता हूँ |”

“आपको लोगों का सम्मान करना चाहिए और शेप में रहने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। और मैं बहुत मेहनत से प्रशिक्षण लिया करता था। जब बाकि खिलाड़ी ट्रेनिंग के बाद बीच पर चले जाया करते थे , तब भी मैं वहां बॉल किक किया करता था |”

“मुझसे लगातार व्यक्ति विशेष के बारे में पूछा जाता है। जीतने का एक ही तरीका है टीम के रूप में जीतो। फुटबॉल एक दो या तीन स्टार खिलाड़ियों के बारे में नहीं है |”

“मैं हमेशा सोचता हूँ की अगर मैं एक सॉकर प्लेयर नहीं होता तो एक अभिनेता बन जाता |”



प्लेटो

“मौत सबसे बुरी चीज नहीं है जो इंसान के साथ हो सकती है |”

“साहस ये जानना है कि किससे डरना नहीं है |”

“एक अच्छा निर्णय ज्ञान पर आधारित होता है नंबरों पर नहीं |”

“एक नायक सौ में एक पैदा होता है, एक बुद्धिमान व्यक्ति हज़ारों में एक पाया जाता है, लेकिन एक सम्पूर्ण व्यक्ति शायद एक लाख लोगिन में भी ना मिले |”

“स्वयं को इस जन्म औए अगले जन्म में भी काम में लगाइए| बिना प्रयत्न के आप समृद्ध नहीं बन सकते| भले भूमि उपजाऊ हो, बिना खेती किये उसमे प्रचुर मात्र में फसल नहीं उगाई जा सकती |”

“सभी व्यक्ति प्राकृतिक रूप से सामान हैं, एक ही मिटटी से एक ही कर्मकार द्वारा बनाये गए;और भले ही हम खुद को कितना भी धोखें में रख लें पर भगवान को जितना प्रिय एक शश्क्त राजकुमार है उतना ही एक गरीब किसान |”

“कोई भी किसी को आसानी से नुकसान पंहुचा सकता है, लेकिन हर व्यक्ति औरों के साथ अच्छा नहीं कर सकता है |”

“जैसा कि बिल्डर कहते हैं; बड़े पत्थर बिना छोटे पत्थरों के सही से नहीं लग सकते हैं |”

“प्रेम के स्पर्श से सभी कवी बन जाते हैं |”

“थोड़ा सा जो अच्छे से किया जाए वो बेहतर है, बजाए बहुत कुछ अपूर्णता से करने से |”

“साहस मुक्ति का एक प्रकार है |”

“चालाक....बुद्धिमत्ता की एक घटिया नक़ल है |”

“लोकतंत्र तानाशाही में बदल जाता है |”

“स्वतंत्रता की अधिकता, चाहे वो राज्यों या व्यक्तियों में निहित हो, केवल गुलामी की अधिकता में बदल जाती है |”

“किसी व्यक्ति के लिए स्वयं पर विजय पाना सभी जीतों में सबसे पहली और महान है |”



आर के लक्ष्मण

"आमतौर पे, लोग हर चीज हलके में ले लेते हैं | वे मुश्किल से अपने आस-पास कुछ देख पाते हैं |"

"ये बताना असंभव है कि एक कार्टूनिस्ट कैसे बनें ; आपको इस उपहार के साथ पैदा होना होता है, ठीक वैसे ही जैसे आप किसी को ये नहीं बता सकते कि कैसे गायें |"

"मैं ये नहीं भूला हूँ कि तुम रंगीन कांच के टुकड़ों के माध्यम से दुनिया देख सकते हो |"

"मैं हमारे नेताओं का आभारी हूँ | उन्होंने देश का नहीं बल्कि मेरा ध्यान रखा है |"

"मेरा आम आदमी सर्वत्र है| वो इन 50 सालों में चुप रहा है | वो बस सुनता है |"

"मुझे लगता है अराजकता हमारे लिए बेहतर होती |"

"एक कार्टूनिस्ट को एक महान आदमी में नहीं एक हास्यास्पद आदमी में आनंद मिलता है |"

"जो अंग्रेज भारत आये उन्होंने इंडियन ह्यूमर को मिस किया क्योंकि वे हमारा घरेलु सेंस ऑफ़ ह्यूमर नहीं समझ पाये . उन्होंने सोचा कि भारतीयों में कोई सेंस ऑफ़ ह्यूमर नहीं है |"

“कार्टूनिंग अपमान और उपहास करने की कला है |”

“बदलाव ? क्या आकाश का रंग कभी बदलता है ? मेरा प्रतीक कभी नहीं बदलेगा |”

“कौवे दिखने में इतने अच्छे और बुद्धिमान होते हैं | राजनीति में मुझे ऐसे चरित्र कहाँ मिलेंगे ?”

“मेरी हर एक ड्राइंग मेरी फेवरेट है |”

“सच कहूँ तो, हमारी राजनीति इतनी दुखद है कि अगर मैं एक कार्टूनिस्ट नहीं होता तो मैं आत्महत्या कर चुका होता |”

“मुझे याद नहीं कि मैंने ड्रा करने के आलावा कभी कुछ और चाहा है |”

“मुझे लगता है जब हमारे शक्तिशाली राजनेताओं को मजाकिया और उटपटांग तरीके से दिखाया जाता है तब सबको मजा आता है |”

राल्फ वाल्डो इमर्सन

"सुनने वाला खुश रहता है, बोलने वाला दुखी |"

"पहली दौलत सेहत है |"

"अपने कार्यों को लेकर बहुत डरपोक और शक्की मत बनिये | ये पूरी ज़िन्दगी एक प्रयोग है |"

"जब आप कोई निर्णय ले लेते हैं , तो ब्रह्मांड उसे पूर्ण करने की साजिश करता है |"

"अनुग्रह बिना सुन्दरता, चारे बिना कांटे के सामान है |"

"हर एक समाज में कुछ लोग शाशन करने के लिए पैदा होते हैं और कुछ लोग सलाह देने के लिए |"

"जीवन की लम्बाई नहीं , गहराई मायने रखती है |"

"लोग बस वही देखते है, जो देखने के लिए वो तैयार होते हैं |"

"बुरे वक्त की वैज्ञानिक एहमियत है. ये ऐसे अवसर हैं जिसे एक अच्छा शिक्षार्थी नहीं खोना चाहेगा |"

"असीम शक्ति हांसिल करने से पहले हमें उसे प्रयोग करने कि बुद्धिमत्ता हांसिल करनी चाहिए |"

“वहां मत जाइये जहाँ रास्ता ले जाए , बल्कि वहां जाइये जहाँ कोई रास्ता नहीं है, और वहां अपने निशान छोड़ जाइए |”

“यदि आप मुझे उठाना चाहते हैं , तो आपको मुझसे ऊँचे स्थल पर होना होगा |”

“मैं जिस व्यक्ति से भी मिलता हूँ वह किसी ना किसी रूप में मुझसे बेहतर है |”

“अमेरिका अवसर का दूसरा नाम है |”

“एक औंस कार्य एक टन बात के बराबर है |”

राधाकृष्णन

“पुस्तकें वो साधन हैं जिनके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों के बीच पुल का निर्माण कर सकते हैं|”

“धर्म भय पर विजय है; असफलता और मौत का मारक है |”

“भगवान् की पूजा नहीं होती बल्कि उन लोगों की पूजा होती है जो उनके के नाम पर बोलने का दावा करते हैं | पाप पवित्रता का उल्लंघन नहीं ऐसे लोगों की आज्ञा का उल्लंघन बन जाता है|”

“कहते हैं कि धर्म के बिना इंसान लगाम के बिना घोड़े की तरह है|”

“यदि मानव दानव बन जाता है तो ये उसकी हार है , यदि मानव महामानव बन जाता है तो ये उसका चमत्कार है | यदि मनुष्य मानव बन जाता है तो ये उसके जीत है |”

“दुनिया के सारे संगठन अप्रभावी हो जायेंगे यदि यह सत्य कि प्रेम द्वेष से शक्तिशाली होता है उन्हें प्रेरित नही करता |”

“कला मानवीय आत्मा की गहरी परतों को उजागर करती है| कला तभी संभव है जब स्वर्ग धरती को छुए |”

“केवल निर्मल मन वाला व्यक्ति ही जीवन के आध्यात्मिक अर्थ को समझ सकता है. स्वयं के साथ ईमानदारी आध्यात्मिक अखंडता की अनिवार्यता है|”

“उम्र या युवावस्था का काल-क्रम से लेना-देना नहीं है. हम उतने ही नौजवान या बूढें हैं जितना हम महसूस करते हैं. हम अपने बारे में क्या सोचते हैं यही मायने रखता है |”

“लोकतंत्र सिर्फ विशेष लोगों के नहीं बल्कि हर एक मनुष्य की आध्यात्मिक संभावनाओं में एक यकीन है |”

“एक साहित्यिक प्रतिभा , कहा जाता है कि हर एक की तरह दिखती है, लेकिन उस जैसा कोई नहीं दिखता |”

“हमें मानवता को उन नैतिक जड़ों तक वापस ले जाना चाहिए जहाँ से अनुशाशन और स्वतंत्रता दोनों का उद्गम हो |”

“शिक्षा का परिणाम एक मुक्त रचनात्मक व्यक्ति होना चाहिए जो ऐतिहासिक परिस्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं के विरुद्ध लड़ सके|”

“किताब पढना हमें एकांत में विचार करने की आदत और सच्ची ख़ुशी देता है|”

“कवी के धर्म में किसी निश्चित सिद्धांत के लिए कोई जगह नहीं है|”

श्रीमद भगवद गीता

"नर्क के तीन द्‍वार हैं: वासना, क्रोध और लालच |"

"व्यक्ति जो चाहे बन सकता है यदी वह विश्वास के साथ इच्छित वस्तु पर लगातार चिंतन करे |"

"मनुष्य अपने विश्वास से निर्मित होता है | जैसा वो विश्वास करता है वैसा वो बन जाता है |"

"ज्ञानी व्यक्ति ज्ञान और कर्म को एक रूप में देखता है, वही सही मायने में देखता है|"

"जो मन को नियंत्रित नहीं करते उनके लिए वह शत्रु के समान कार्य करता है|"

"अपने अनिवार्य कार्य करो, क्योंकि वास्तव में कार्य करना निष्क्रियता से बेहतर है|"

"आत्म-ज्ञान की तलवार से काटकर अपने ह्रदय से अज्ञान के संदेह को अलग कर दो| अनुशाषित रहो, उठो |"

"मन अशांत है और उसे नियंत्रित करना कठिन है, लेकिन अभ्यास से इसे वश में किया जा सकता है|"

“लोग आपके अपमान के बारे में हमेशा बात करेंगे | सम्मानित व्यक्ति के लिए, अपमान मृत्यु से भी बदतर है|”

“इस जीवन में ना कुछ खोता है ना व्यर्थ होता है |”
“सदैव संदेह करने वाले व्यक्ति के लिए प्रसन्नता ना इस लोक में है ना ही कहीं और |”

“क्रोध से भ्रम पैदा होता है | भ्रम से बुद्धि व्यग्र होती है. जब बुद्धि व्यग्र होती है तब तर्क नष्ट हो जाता है. जब तर्क नष्ट होता है तब व्यक्ति का पतन हो जाता है|”

“मन की गतिविधियों, होश, श्वास, और भावनाओं के माध्यम से भगवान की शक्ति सदा तुम्हारे साथ है; और लगातार तुम्हे बस एक साधन की तरह प्रयोग कर के सभी कार्य कर रही है|”

“प्रबुद्ध व्यक्ति के लिए, गंदगी का ढेर, पत्थर, और सोना सभी समान हैं|”

“निर्माण केवल पहले से मौजूद चीजों का प्रक्षेपण है |”

शिव खेडा

“विपरीत परस्थितियों में कुछ लोग टूट जाते हैं, तो कुछ लोग लोग रिकॉर्ड तोड़ते हैं |”

“जीतने वाले अलग चीजें नहीं करते, वो चीजों को अलग तरह से करते हैं|”

“जीतने वाले लाभ देखते हैं, हारने वाले दर्द |”

“अगर आप सोचते हैं कि आप कर सकते हैं-तो आप कर सकते हैं !अगर आप सोचते हैं कि आप नहीं कर सकते हैं- तो आप नहीं कर सकते हैं !और किसी भी तरह से ...आप सही हैं !”

“इन्स्पीरेशन सोच है जबकि मोटीवेशन कार्रवाई है|”

“चरित्र का निर्माण तब नहीं शुरू होता जब बच्चा पैदा होता है; ये बच्चे के पैदा होने के सौ साल पहले से शुरू हो जाता है|”

“सत्य का क्रियान्वन ही न्याय है |”

“एक देश नारे लगाने से महान नहीं बन जाता |”

“किसी डिग्री का ना होने दरअसल फायेदेमंद है. अगर आप इंजिनियर या डाक्टर हैं तब आप एक ही काम कर सकते हैं.पर यदि आपके पास कोई डिग्री नहीं है , तो आप कुछ भी कर सकते हैं |”

“हमारी बिजनेस से सम्बंधित समस्याएं नहीं होतीं , हमारी लोगों से सम्बंधित समस्याएं होती हैं |”

“अगर हम हल का हिस्सा नहीं हैं, तो हम समस्या हैं|”

“कभी भी दुष्ट लोगों की सक्रियता समाज को बर्वाद नहीं करती, बल्कि हमेशा अच्छे लोगों की निष्क्रियता समाज को बर्वाद करती है|”

“जब कभी कोई व्यक्ति कहता है कि वो ये नहीं कर सकता है , तो असल में वो दो चीजें कह रहा होता है | या तो मुझे पता नहीं है कि ये कैसे होगा या मैं इसे करना नहीं चाहता|”

“आत्म-सम्मान और अहंकार का उल्टा सम्बन्ध है|”

“लोग इसकी परवाह नहीं करते हैं कि आप कितना जानते हैं, वो ये जानना चाहते हैं कि आप कितना ख़याल रखते हैं |”



सिगमंड फ्रायड

“हर जीवन का लक्ष्य मृत्यु है|”

“मनुष्य जितना सोचता है उससे कहीं ज्यादा नैतिक है, और वो इतना अनैतिक है कि वो उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता|”

“जिस तरह किसी को आस्था के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता , उसी तरह किसी को नास्तिकता के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता|”

“मनुष्य तब तक शक्तिशाली है जब तक वह किसी शशक्त योजना का प्रतिनिधित्व करता है , और जब वह इसका विरोध करता है तो निर्बल हो जाता हैं|”

“प्रेम और काम....काम और प्रेम, बस यही तो है|”

“ज्यादातर लोग वास्तव में स्वतंत्रता नहीं चाहते, क्योंकि स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी आ जाती है, और ज्यादातर लोग जिम्मेदारी से डरते हैं|”

“एक महान प्रश्न जिसका उत्तर कभी नहीं दिया गया है ,और स्त्रियों पर अपने तीस वर्षों के शोध के बावजूद जिसका उत्तर मैं नहीं दे पाया हूँ , ” एक औरत क्या चाहती है?”

“हाँ, अमेरिका बहुत बड़ा है, लेकिन एक बहुत बड़ा दोष|”

श्री श्री रविशंकर

"मैं आपसे बताता हूँ, आपके भीतर एक परमानंद का फव्वारा है, प्रसन्नता का झरना है| आपके मूल के भीतर सत्य, प्रकाश, प्रेम है, वहां कोई अपराध बोध नहीं है, वहां कोई डर नहीं है | मनोवैज्ञानिकों ने कभी इतनी गहराई में नहीं देखा|"

"एक निर्धन व्यक्ति नया साल वर्ष में एक बार मनाता है , एक धनाड्य व्यक्ति हर दिन | लेकिन जो सबसे समृद्ध होता है वह हर क्षण मनाता है |"

"हमेशा आराम की चाहत में तुम आलसी हो जाते हो | हमेशा पूर्णता की चाहत में तुम क्रोधित हो जाते हो, हमेशा अमीर बनने की चाहत में तुम लालची हो जाते हो |"

" "श्रद्धा यह समझने में है कि आप हमेशा वो पा जाते हैं जिसकी आपको ज़रुरत होती है|"

"जीवन ऐसा कुछ नहीं है जिसके प्रति बहुत गंभीर रहा जाए | जीवन तुम्हारे हाथों में खेलने के लिए एक गेंद है | गेंद को पकड़े मत रहो |"

"प्रेम कोई भावना नहीं है | यह आपका अस्तित्व है |"

"आज भगवान का दिया हुआ एक उपहार है- इसीलिए इसे "प्रेजेंट" कहते हैं|"

“अपने कार्य के पीछे की मंशा को देखो | अक्सर तुम उस चीज के लिए नहीं जाते जो तुम्हे सच में चाहिए |”

“मानव विकास के दो चरण हैं- कुछ होने से कुछ ना होना; और कुछ ना होने से सबकुछ होना | यह ज्ञान दुनिया भर में योगदान और देखभाल ला सकता है |”

“बुद्धिमान वो है जो औरों की गलती से सीखता है| थोडा कम बुद्धिमान वो है जो सिर्फ अपनी गलती से सीखता है, मूर्ख एक ही गलती बार बार दोहराते रहते हैं और उनसे कभी सीख नहीं लेते |”

“दूसरों को सुनो ; फिर भी मत सुनो | अगर तुम्हारा दिमाग उनकी समस्याओं में उलझ जाएगा, ना सिर्फ वो दुखी होंगे , बल्कि तुम भी दुखी हो जाओगे |”

“ज्ञान बोझ है यदि वह आपके भोलेपन को छीनता है | ज्ञान बोझ है यदि वह आपके जीवन में एकीकृत नहीं है | ज्ञान बोझ है यदि वह प्रसन्नता नही लाता | ज्ञान बोझ है यदि वह आपको यह विचार देता है कि आप बुद्धिमान हैं | ज्ञान बोझ है यदि वह आपको स्वतंत्र नहीं करता | ज्ञान बोझ है यदि वह आपको यह प्रतीत कराता है कि आप विशेष हैं |”

“किसी ऐसे से प्रेम करना जिसे तुम चाहते हो नगण्य है किसी से इसलिए प्रेम करना क्योंकि वो तुमसे प्रेम करता है महत्त्वहीन है | किसी ऐसे से प्रेम करना जिसे तुम नहीं चाहते , मतलब तुमने जीवन का एक सबक सीख लिया है | किसी ऐसे से प्रेम करना जो बिना वजह तुम पर दोष मढ़े; दर्शाता है कि तुमने जीने की कला सीख ली है |”

“यदि तुम लोगों का भला करते हो , तुम अपनी प्रकृति की वजह से करते हो |”

“स्वर्ग से कितना दूर ? बस अपनी आँखें खोलो और देखो | तुम स्वर्ग में हो |”

स्टेफेन हव्किंस

“ऊपर सितारों की तरफ देखो अपने पैरों के नीचे नहीं। जो देखते हो उसका मतलब जानने की कोशिश करो और आश्चर्य करो की क्या है जो ब्रह्माण्ड का अस्तित्व बनाये हुए है। उत्सुक रहो |”

“बुद्धिमत्ता बदलाव के अनुरूप ढलने की क्षमता है |”

“लाइफ दुखद होगी अगर ये अजीब ना हो |”

“मैं बस एक बच्चा हूँ जो कभी बड़ा नहीं हुआ। मैं अभी भी ये ‘कैसे’ और ‘क्यों’ वाले सवाल पूछता रहता हूँ। कभी-कभार मुझे जवाब मिल जाता है|”

“यदि आप हमेशा गुस्सा या शिकायत करते हैं तो लोगों के पास आपके लिए समय नहीं रहेगा |”

“चाहे ज़िन्दगी जितनी भी कठिन लगे, आप हमेशा कुछ न कुछ कर सकते हैं और सफल हो सकते हैं |”

“मैंने देखा है, वो लोग भी जो ये कहते हैं कि सब कुछ पहले से तय है, और हम उसे बदलने के लिए कुछ भी नहीं कर सकते, वे भी सड़क पार करने से पहले देखते है |”

“विज्ञान केवल तर्क का अनुयायी नहीं है, बल्कि रोमांस और जूनून का भी|”

“अन्य विकलांग लोगों के लिए मेरी सलाह होगी , उन चीजों पर ध्यान दें जिन्हे अच्छी तरह से करने से आपकी विकलांगता नहीं रोकती , और उन

चीजों के लिए अफ़सोस नहीं करें जिन्हे करने में ये बाधा डालती है। आत्मा और शरीर दोनों से विकलांग मत बनें |”

“अतीत, भविष्य की तरह ही अनिश्चित है और केवल सम्भावनों के एक स्पेक्ट्रम के रूप में मौजूद है |”

“हम अपने लालच और मूर्खता के कारण खुद को नष्ट करने के खतरे में हैं। हम इस छोटे, तेजी से प्रदूषित हो रहे और भीड़ से भरे ग्रह पर अपनी और अंदर की तरफ देखते नहीं रह सकते |”

“मुझे लगता है ब्रह्माण्ड में और ग्रहों पर जीवन आम है , हालांकि बुद्धिमान जीवन कम ही है | कुछ का कहना है इसका अभी भी पृथ्वी पर आना बाकी है |”

“हम एक औसत तारे के छोटे से ग्रह पर रहने वाली बंदरों की एक अन्नत नस्ल हैं | लेकिन हम ब्रह्माण्ड को समझ सकते हैं। ये हमें कुछ ख़ास बनाता है |”

“मैं चाहूंगा न्यूक्लीयर फ्यूज़न एक व्यवहारिक ऊर्जा का स्रोत बने। यह प्रदूषण या ग्लोबल वार्मिंग के बिना, ऊर्जा की अटूट आपूर्ति प्रदान करेगा |”

“जब किसी की उम्मीद एकदम ख़त्म हो जाती है, तब वो सचमुच हर उस चीज की महत्ता समझ पाता है जो उसके पास है |”

सुभाष चन्द्र बोस

“तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आज़ादी दूंगा |”

“याद रखिये सबसे बड़ा अपराध अन्याय सहना और गलत के साथ समझौता करना है |”

“ये हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी स्वतंत्रता का मोल अपने खून से चुकाएं| हमें अपने बलिदान और परिश्रम से जो आज़ादी मिले, हमारे अन्दर उसकी रक्षा करने की ताकत होनी चाहिए |”

“भारत में राष्ट्रवाद ने एक ऐसी शक्ति का संचार किया है जो लोगों के अन्दर सदियों से निष्क्रिय पड़ी थी |”

“राष्ट्रवाद मानव जाति के उच्चतम आदर्शों सत्यम , शिवम् , सुन्दरम से प्रेरित है |”

“एक सच्चे सैनिक को सैन्य और आध्यात्मिक दोनों ही प्रशिक्षण की ज़रुरत होती है |”

“इतिहास में कभी भी विचार -विमर्श से कोई ठोस परिवर्तन नहीं हासिल किया गया है |”

“मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि हमारे देश की प्रमुख समस्याएं गरीबी ,अशिक्षा , बीमारी , कुशल उत्पादन एवं वितरण सिर्फ समाजवादी तरीके से ही की जा सकती है |”

“आज हमारे अन्दर बस एक ही इच्छा होनी चाहिए, मरने की इच्छा ताकि भारत जी सके! एक शहीद की मौत मरने की इच्छा ताकि स्वतंत्रता का मार्ग शहीदों के खून से प्रशश्त हो सके |”

“एक सैनिक के रूप में आपको हमेशा तीन आदर्शों को संजोना और उन पर जीना होगा : सच्चाई , कर्तव्य और बलिदान.जो सिपाही हमेशा अपने देश के प्रति वफादार रहता है, जो हमेशा अपना जीवन बलिदान करने को तैयार रहता है, वो अजेय है. अगर तुम भी अजेय बनना चाहते हो तो इन तीन आदर्शों को अपने हृदय में समाहित कर लो |”



स्वामी विवेकानंद

"उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाए |"

"कभी मत सोचिए कि आत्मा के लिए कुछ असंभव है| ऐसा सोचना सबसे बड़ा विधर्म है, अगर कोई पाप है, तो वो यही है; ये कहना कि तुम निर्बल हो या अन्य निर्बल हैं |"

"उठो मेरे शेरो, इस भ्रम को मिटा दो कि तुम निर्बल हो , तुम एक अमर आत्मा हो, स्वच्छंद जीव हो, धन्य हो, सनातन हो , तुम तत्व नहीं हो , ना ही शरीर हो , तत्व तुम्हारा सेवक है तुम तत्व के सेवक नहीं हो|"

"ब्रह्माण्ड कि सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं| वो हमीं हैं जो अपनी आँखों पर हाँथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अन्धकार है !"

"जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएँ अपना जल समुद्र में मिला देती हैं ,उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग, चाहे अच्छा हो या बुरा भगवान् तक जाता है |"

"एक शब्द में, यह आदर्श है कि तुम परमात्मा हो |"

"किसी की निंदा ना करें| अगर आप मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं, तो ज़रुर बढाएं.अगर नहीं बढ़ा सकते, तो अपने हाथ जोड़िये, अपने भाइयों को आशीर्वाद दीजिये, और उन्हें उनके मार्ग पे जाने दीजिए |"

“अगर धन दूसरों की भलाई करने में मदद करे, तो इसका कुछ मूल्य है, अन्यथा, ये सिर्फ बुराई का एक ढेर है, और इससे जितना जल्दी छुटकारा मिल जाये उतना बेहतर है|”

“उस व्यक्ति ने अमरत्त्व प्राप्त कर लिया है, जो किसी सांसारिक वस्तु से व्याकुल नहीं होता|”

“हम वो हैं जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का धयान रखिये कि आप क्या सोचते हैं. शब्द गौण हैं. विचार रहते हैं, वे दूर तक यात्रा करते हैं|”

“जब तक आप खुद पे विश्वास नहीं करते तब तक आप भागवान पे विश्वास नहीं कर सकते |”

“सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा |”

“विश्व एक व्यायामशाला है जहाँ हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं|”

“इस दुनिया में सभी भेद-भाव किसी स्तर के हैं, ना कि प्रकार के, क्योंकि एकता ही सभी चीजों का रहस्य है|”

“हम जितना ज्यादा बाहर जायें और दूसरों का भला करें, हमारा ह्रदय उतना ही शुद्ध होगा , और परमात्मा उसमे बसेंगे |”



थॉमस अलवा एडिसन

“हमारी सबसे बड़ी कमजोरी हार मान लेना है | सफल होने का सबसे निश्चित तरीका है हमेशा एक और बार प्रयास करना|”

“मैं असफल नहीं हुआ हूँ | मैंने बस 10,000 ऐसे तरीके खोज लिए हैं जो काम नहीं करते हैं |”

“जीवन में असफल हुए कई लोग वे होते हैं जिन्हें इस बात का आभास नहीं होता कि जब उन्होंने हार मान ली तो वे सफलता के कितने करीब थे|”

“मैंने अपने जीवन में एक भी दिन काम नहीं किया | ये सब मनोरंजन था|”

“प्रतिभा एक प्रतिशत प्रेरणा और निन्यानबे प्रतिशत पसीना है|”

“ज्यादातर लोग अवसर गँवा देते हैं क्योंकि ये चौग़ा पहने हुए होता है और काम जैसा दिखता है |”

“व्यस्त होने का मतलब हमेशा हकीकत में काम होना नहीं है |”

“यदि हम हर वो चीज कर दें जिसके हम सक्षम हैं, तो सचमुच हम खुद को चकित कर देंगे |”

“आविष्कार करने के लिए, आपको एक अच्छी कल्पना और कबाड़ के ढेर की जरूरत होती है |”

“अहिंसा उच्चतम नैतिकता तक ले जाती है , जो कि क्रमिक विकास का लक्ष्य है | जब तक हम अन्य सभी जीवित प्राणियों को नुक्सान पहुंचाना नहीं छोड़ते ,तब तक हम जंगली हैं |”

“कुछ भी उपयुक्त हासिल करने के लिए तीन महत्त्वपूर्ण चीजें हैं : कड़ी मेहनत , दृढ़ता , और कॉमन - सेन्स |”

“कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है |”

“बस इसलिए कि कोई चीज वो नहीं करती जिस चीज के लिए आपने उसे बनाया था , उसका ये मतलब नहीं की वो बेकार है |”

“व्याकुलता असंतोष है और असंतोष प्रगति की पहली आवश्यकता है . आप मुझे कोई पूर्ण रूप से संतुष्ट व्यक्ति दिखाइए और मैं आपको एक असफल व्यक्ति दिखा दूंगा|”

“असंतोष प्रगति की पहली आवश्यकता है |”

टोनी रॉबिन्स

"लक्ष्य बनाना अदृश्य को दृश्य में बदलने का पहला कदम है |"

"सफलता का राज ये सीखना है कि कैसे दर्द और ख़ुशी का उपयोग किया जाए बजाए इसके कि दर्द और ख़ुशी कैसे आपका उपयोग करते हैं। अगर आप ये करते हैं, आप अपनी लाइफ के कंट्रोल में हैं। अगर नहीं तो लाइफ आपको कंट्रोल करती है |"

"आपके प्रभाव की सीमा केवल आपकी कल्पना और प्रतिबद्धता है |"

"अपने फैसले को लेकर प्रतिबद्ध रहे , लेकिन अपने तरीके को लेकर लचीले रहें |"

"आपके निर्णय के क्षणों में आपकी नियति आकार लेती है |"

"सफलता का मार्ग है बड़ी, दृढ कार्रवाई करना |"

"प्रभावी ढंग से संवाद करने के लिए हमें एहसास होना चाहिए कि हम सभी अलग-अलग तरह से दुनिया को देखते हैं और इस समझ को एक गाइड के रूप में दूसरों से संवाद करने में प्रयोग करना चाहिए |"

"केवल वे जिन्होंने ईमानदार और निस्वार्थ योगदान की शक्ति को जान लिया है, जीवन की असली ख़ुशी अनुभव करते हैं : सच्ची परिपूर्णता |"

“लोग आलसी नहीं होते। बस उनके लक्ष्य कमजोर हैं - यानि ऐसे लक्ष्य जो उन्हें प्रेरित नहीं करते |”

“यदि आप वही करते हैं जो आप हमेशा से करते आये हैं तो आपको वही मिलेगा जो हमेशा से मिलता आया है |”

“विश्वास में सृजन करने की शक्ति होती है और विनाश करने की भी |”

“एक कारण कि हममें से इतने कम लोग वो हासिल कर पाते हैं जो हम सचमुच चाहते हैं कि हम कभी अपना ध्यान केंद्रित नहीं करते हम कभी अपनी शक्ति केंद्रित नहीं करते। अधिकतर लोग जीवन में इधर-उधर के काम करते रहते हैं , कभी भी किसी एक चीज में मास्टरी करने की नहीं सोचते |”

“जीवन की घटनाएं नहीं बल्कि हमारा विश्वास कि वो घटनाएं क्या मायने रखती हैं हमारे जीवन को आकार देती हैं |”

“मैं आपको अपनी लाइफ एक मास्टरपीस बनाने की चुनौती देता हूँ। मैं चुनौती देता हूँ कि आप उन लोगों की श्रेणी में शामिल हों जो कहते हैं वो करते हैं, जो अपनी बात पर चलते हैं |”

विलियम शेक्सपीयर

“एक मूर्ख खुद को बुद्धिमान समझता है, लेकिन एक बुद्धिमान व्यक्ति खुद को मूर्ख समझता है |”

“ये दुनिया एक रंगमंच है, और सभी पुरुष और स्त्रियाँ महज किरदार हैं: उनको आना और जाना होता है; और एक व्यक्ति अपने जीवन में कई किरदार निभाता है |”

“महत्वाकांक्षा सख्त चीजों से बनी होनी चाहिए |”

“जब वो बहादुर था मैंने उसका सम्मान किया | पर जब वो महत्त्वाकांक्षी हुआ तो मैंने उसे मार दिया |”

“अच्छाई की प्रचुरता बुराई में बदल जाती है|”

“जैसे शरारती बच्चों के लिए मक्खियाँ होती हैं,वैसे ही देवताओं के लिए हम होते हैं; वो अपने मनोरंजन के लिए हमें मारते हैं |”

“महानता से घबराइये नहीं: कुछ लोग महान पैदा होते हैं, कुछ महानता हांसिल करते हैं, और कुछ लोगों के ऊपर महानता थोप दी जाती है |”

“एक मिनट देर से आने से अच्छा है तीन घंटे पहले आएं |”
“संक्षिप्तता हास्य की आत्मा है |”

“लेकिन आदमी आदमी होता है; जो सबसे अच्छे होते हैं वो कई बार ये भूल जाते हैं |”

“पर हे, दूसरे की आँखों से खुशियाँ देखना कितना कडवा है |”

“डरपोक अपनी मृत्यु से पहले कई बार मरते हैं; बहादुर मौत का स्वाद और कभी नहीं बस एक बार चखते हैं |”

“मौत एक भयावह चीज है |”

“प्रत्येक व्यक्ति को अपने आचरण का परिणाम धैर्यपूर्वक सहना चाहिए|”

“अपेक्षा सभी ह्रदय-पीड़ा की जड़ है|”

विंस्टन चर्चिल

“मज़ाक एक बहुत ही गंभीर चीज होती है |”

“खड़े होकर बोलने के लिए साहस चाहिए होता है , बैठ कर सुनने के लिए भी साहस चाहिए होता है|”

“नज़रिया एक छोटी सी चीज होती है जो बड़ा फ़रक डालती है|”

“कट्टरपंथी वो होता है जो अपना दिमाग बदल नहीं सकता और विषय वो बदलता नहीं है |”

“एक निराशावादी को हर अवसर में कठिनाई दिखाई देती है ; एक आशावादी को हर कठिनाई में अवसर दिखाई देता है |”

“एक राजनीतिज्ञ में ये क़ाबिलियत होनी चाहिए की वो पहले से बता सके कि कल ,अगले हफ्ते , अगले महीने ,और अगले साल क्या होने वाला है . और उसमे ये क्षमता होनी चाहिए की बाद में वो बता सके कि ऐसा क्यों नहीं हुआ |”

“एक युद्ध्बन्धी वो व्यकी होता है जो तुम्हे मारना चाहता है , पर मार नहीं पता ,और फिर तुमसे कहता है कि उसे मत मारो|”

“सभी महान चीजें सरल होती हैं ,और कईयों को एक शब्द में व्यक्त किया जा सकता है : स्वतंत्रता ,न्याय , सम्मान ,कर्तव्य ,दया, आशा |”

“हालांकि मैं शहीद होने को तैयार हूँ पर मैं चाहूँगा कि वो स्थगित हो जाये |”

“साहस मानवीय गुणों में प्रमुख है क्योंकि ....ये वो गुण है जो बाकी सभी गुणों की गारंटी देता है |”

“दिक्कतों को पार पाना अवसरों को जीतना है |”

“अपने शब्द वापस लेने से मुझे कभी बदहज़मी नहीं हुई |”

“सभी के दिन आते हैं और कुछ दिन औरों से ज्यादा लम्बे होते हैं |”

“महान और अच्छा कभी - कभार ही एक ही आदमी होता है |”

“स्वस्थ्य नागरिक किसी देश के लिए सबसे बड़ी संपत्ति होते हैं|”

सुकरात

“एक ईमानदार आदमी हमेशा एक बच्चा होता है |”

“मैं सभी जीवित लोगों में सबसे बुद्धिमान हूँ, क्योंकि मैं ये जानता हूँ कि मैं कुछ नहीं जानता हूँ |”

“इस दुनिया में सम्मान से जीने का सबसे महान तरीका है कि हम वो बनें जो हम होने का दिखावा करते हैं|”

“हर व्यक्ति की आत्मा अमर होती है, लेकिन जो व्यक्ति नेक होते हैं उनकी आत्मा अमर और दिव्य होती है |”

“मूल्यहीन व्यक्ति केवल खाने और पीने के लिए जीते हैं; मूल्यवान व्यक्ति केवल जीने के लिए खाते और पीते हैं |”

“वो सबसे धनवान है जो कम से कम में संतुष्ट है , क्योंकि संतुष्टि प्रकृति कि दौलत है |”

“झूठे शब्द सिर्फ खुद में बुरे नहीं होते, बल्कि वो आपकी आत्मा को भी बुराई से संक्रमित कर देते हैं|”

“चाहे जो हो जाये शादी कीजिए, अगर अच्छी पत्नी मिली तो आपकी ज़िन्दगी खुशहाल रहेगी ; अगर बुरी पत्नी मिलेगी तो आप दार्शनिक बन जायेंगे|”

"अपना समय औरों के लेखों से खुद को सुधारने में लगाइए , ताकि आप उन चीजों को आसानी से जान पाएं जिसके लिए औरों ने कठिन मेहनत की है|"

"हमारी प्रार्थना बस सामान्य रूप से आशीर्वाद के लिए होनी चाहिए, क्योंकि भगवान जानते हैं कि हमारे लिए क्या अच्छा है|"

"ज़िन्दगी नहीं , बल्कि एक अच्छी ज़िन्दगी को महत्ता देनी चाहिए|"

"अधिकतर आपकी गहन इच्छाओं से ही घोर नफरत पैदा होती है|"

"सिर्फ जीना मायने नहीं रखता , सच्चाई से जीना मायने रखता है|"

"शादी या ब्रह्मचर्य, आदमी चाहे जो भी रास्ता चुन ले , उसे बाद में पछताना ही पड़ता है |"

"मित्रता करने में धीमे रहिये , पर जब कर लीजिये तो उसे मजबूती से निभाइए और उसपर स्थिर रहिये |"

"मृत्यु संभवतः मानवीय वरदानो में सबसे महान है |"

"सौंदर्य एक अल्पकालिक अत्याचार है|"

"जहाँ सम्मान है वहां डर है ,पर ऐसी हर जगह सम्मान नहीं है जहाँ डर है, क्योंकि संभवतः डर सम्मान से ज्यादा व्यापक है|"

रविंद्रनाथ टैगोर

“मैं सोया और स्वप्न देखा कि जीवन आनंद है, मैं जागा और देखा कि जीवन सेवा है, मैंने सेवा की और पाया कि सेवा आनंद है |”

“तथ्य कई हैं पर सत्य एक है|”

“मित्रता की गहराई परिचय की लम्बाई पर निर्भर नहीं करती |”

“सिर्फ तर्क करने वाला दिमाग एक ऐसे चाक़ू की तरह है जिसमे सिर्फ ब्लेड है| यह इसका प्रयोग करने वाले के हाथ से खून निकाल देता है|”

“आयु सोचती है, जवानी करती है|”

“कट्टरता सच को उन हाथों में सुरक्षित रखने की कोशिश करती है जो उसे मारना चाहते हैं|”

“पंखुडियां तोड़ कर आप फूल की खूबसूरती नहीं इकठ्ठा करते |”

“तितली महीने नहीं क्षण गिनती है, और उसके पास पर्याप्त समय होता है|”

“मौत प्रकाश को ख़त्म करना नहीं है; ये सिर्फ दीपक को बुझाना है क्योंकि सुबह हो गयी है|”

“किसी बच्चे की शिक्षा अपने ज्ञान तक सीमित मत रखिये, क्योंकि वह किसी और समय में पैदा हुआ है |”

“वो जो अच्छाई करने में बहुत ज्यादा व्यस्त है ,स्वयं अच्छा होने के लिए समय नहीं निकाल पाता|”

“मिटटी के बंधन से मुक्ति पेड़ के लिए आज़ादी नहीं है|”

“हर बच्चा इसी सन्देश के साथ आता है कि भगवान अभी तक मनुष्यों से हतोत्साहित नहीं हुआ है|”

“हर एक कठिनाई जिससे आप मुंह मोड़ लेते हैं, एक भूत बन कर आपकी नीद में बाधा डालेगी|”

“जो कुछ हमारा है वो हम तक आता है ; यदि हम उसे ग्रहण करने की क्षमता रखते हैं |”

“आस्था वो पक्षी है जो सुबह अँधेरा होने पर भी उजाले को महसूस करती है|”

“मंदिर की गंभीर उदासी से बाहर भागकर बच्चे धूल में बैठते हैं, भगवान् उन्हें खेलता देखते हैं और पुजारी को भूल जाते हैं|”

“मैं एक आशावादी होने का अपना ही संसकरण बन गया हूँ. यदि मैं एक दरवाजे से नहीं जा पाता तो दुसरे से जाऊंगा- या एक नया दरवाजा बनाऊंगा. वर्तमान चाहे जितना भी अंधकारमय हो कुछ शानदार सामने आएगा|”

“यदि आप सभी गलतियों के लिए दरवाजे बंद कर देंगे तो सच बाहर रह जायेगा|”

“कला में व्यक्ति खुद को उजागर करता है कलाकृति को नहीं|”

“हम ये प्रार्थना ना करें कि हमारे ऊपर खतरे न आयें, बल्कि ये करें कि हम उनका सामना करने में निडर रहे|”

“जीवन हमें दिया गया है, हम इसे देकर कमाते हैं|”

“प्रेम अधिकार का दावा नहीं करता , बल्कि स्वतंत्रता देता है|”

“केवल प्रेम ही वास्तविकता है , ये महज एक भावना नहीं है.यह एक परम सत्य है जो सृजन के हृदय में वास करता है|”

“संगीत दो आत्माओं के बीच के अनंत को भरता है|”

“जब मैं खुद पर हँसता हूँ तो मेरे ऊपर से मेरा बोझ कम हो जाता है|”

ऑस्कर वाइल्ड

“जो व्यक्ति अपने बारे में नही सोचता, वो सोचता ही नहीं है|”

“हर संत का एक अतीत है और हर पापी का एक भविष्य है|”

“एक आदमी किसी भी औरत के साथ खुश रह सकता है, जब तक कि वो उससे प्यार ना करे |”

“एक सज्जन व्यक्ति वह है जो अनजाने में किसी की भावनाओ को ठेस ना पहुंचाए|”

“सफलता एक विज्ञान है ; यदि परिस्थितयां हैं तो परिणाम मिलेगा |”

“नफरत अंधी होती है, और प्यार भी |”

“सच्चे दोस्त सामने से छुरा भोंकते हैं |”

“ऐसी बहुत सी चीजें हैं जो हम फेंक देते यदि हमें इस बात का चिंता नहीं होती की कोई और उन्हें उठा लेगा |”

“कुछ लोग जहाँ जाते हैं वहां खुशियाँ लाते हैं, और कुछ लोग जब जाते हैं तब|”

“कोई भी व्यक्ति इतना धनवान नहीं कि अपना भूत खरीद सके |”

“अनुभव महज़ एक नाम है जो हम अपनी गलतियों को देते हैं |”

नेल्सन मंडेला

“मेरे देश में लोग पहले जेल जाते हैं और फिर राष्ट्रपति बन जाते हैं|”

“जब तक काम हो ना जाये वो असंभव लगता है|”

“एक अच्छा दिमाग और एक अच्छा दिल हमेशा से विजयी जोड़ी रहे हैं |”

“एक बड़े पहाड़ पर चढ़ने के बाद यही पता चलता है कि अभी ऐसे कई पहाड़ चढ़ने के लिए बाकी हैं|”

“शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिससे दुनिया को बदला जा सकता है|”

“यदि आप किसी व्यक्ति से उस भाषा में बात करें जो वो समझता है , तो बात उसके सर में जाती है, यदि आप उससे उसकी भाषा में बात करते हैं, तो बात उसके दिल तक जाती है|”

“सभी के लिए काम, रोटी , पानी और नमक हो|”

“खुद पीछे रहना और दूसरों को आगे कर नेत्रित्व करना बेहतर होता है, खासतौर पर तब जब आप आप कुछ अच्छा होने पर जीत का जश्न मना रहे हों| आप तब आगे आइये जब खतरा हो | तब लोग आपके नेत्रित्व की प्रशंशा करेंगे |”

"मैंने ये जाना है कि डर का ना होना साहस नही है , बल्कि डर पर विजय पाना साहस है. बहादुर वह नहीं है जो भयभीत नहीं होता , बल्कि वह है जो इस भय को परास्त करता है|"

"मैं जातिवाद से घृणा करता हूँ, मुझे यह बर्बरता लगती है , फिर चाहे वह अश्वेत व्यक्ति से आ रही हो या श्वेत व्यक्ति से|"

"स्वतंत्र होना , अपनी जंजीर को उतार देना मात्र नहीं है, बल्कि इस तरह जीवन जीना है कि औरों का सम्मान और स्वतंत्रता बढे |"

"क्या कभी किसी ने सोचा है कि वे जो चाहता था वो उन्हें इसलिए नहीं मिला क्योंकि उनके पास प्रतिभा नहीं थी, या शक्ति नहीं थी , या धीरज नही था , या प्रतिबद्धता नहीं थी ?"



मार्क ट्वैन

“यदि आप सच कहते हैं, तो आपको कुछ याद रखने की जरूरत नहीं रहती |”

“दयालुता वो भाषा है जिसे बहरे सुन सकते हैं और अंधे देख सकते हैं|”

“बोल कर सारा संदेह खत्म कर देने से अच्छा है चुप रह कर बेवकूफ समझा जाना |”

“ज़िन्दगी कहीं ज्यादा खुशहाल होती अगर हम 80 साल के पैदा होते और धीरे-धीरे 18 की तरफ बढ़ते|”

“मैं एक बुजुर्ग हूँ और मैंने कई संकटों को जाना है, पर उनमे से ज्यादातर कभी आये नहीं |”

“मैं एक अच्छी तारीफ पर दो महीने तक रह सकता हूँ |”

“क्रोध एक ऐसा तेज़ाब है जो जिस चीज पे डाला जाता है उससे ज्यादा उस पात्र को नुकसान पहुचाता सकता है जिसमे वो रखा है |”

“स्वस्थ्य सम्बन्धी किताबों को पढने में सावधानी बरतिए| एक मुद्रणदोष की वजह से आपकी मौत हो सकती है|”

“बाईबल के वो भाग जिन्हें मैं समझा नहीं पता मुझे चिंतित नहीं करते , वो भाग करते हैं जिन्हें मैं समझता हूँ |”

“ये बेहतर है कि आप सम्मान के लायक हों और वो आपको ना मिले बजाए इसके कि वो आपको मिले और आप उसके लायक ना हों|”

“ईश्वर की कृपा से हमारे देश में तीन बेहद कीमती चीजें उपलब्ध हैं: भाषण की स्वतंत्रता, अंतरात्मा की स्वतंत्रता,और इनमे से किसी का भी प्रयोग ना करने का विवेक |”

“मनुष्य - एक ऐसा जीव जो साप्ताहिक कार्य के अंत में बनाया गया जब भगवान थके थे |”

“मेरी किताबें पानी की तरह हैं; और उन महान प्रतिभाओं की शराब की तरह, (सौभाग्यवश) सभी लोग पानी पीते हैं |”

“सबसे महान आविष्कारक का नाम बताइए, दुर्घटना |”

“आवश्यकता जोखिम उठाने की जननी है |”

“जो आप परसों कर सकते हैं उसे कभी कल पर मत टालिए |”

‘क्लासिक.’ एक ऐसी पुस्तक जिसकी लोग प्रशंशा करते हैं पर पढ़ते नहीं|”

“जो व्यक्ति पढता नहीं है वो ना पढ़ पाने वाले व्यक्ति की अपेक्षा कोई लाभ नहीं है |”

“हमेशा सही करें | ये कुछ लोगों को संतुष्ट करेगा और बाकियों को अचंभित |”

“भले ही आप कपडे पहनने में लापरवाह रहिए पर अपनी आत्मा को दुरुस्त रखिये|”

“स्कूली पढ़ाई को अपनी शिक्षा में हस्तक्षेप ना करने दें|”

“मेल-जोल घृणा को जन्म देता है- और बच्चों को भी |”

“स्मोकिंग छोड़ना दुनिया का सबसे आसान काम है| मुझे पता है क्योंकि मैंने ये हज़ारों बार किया है |”

“हास्य मानव जाति की सबसे बड़ी आशीर्वाद है |”

कन्फ्यूशियस

“महानता कभी ना गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है|”

“बुराई को देखना और सुनना ही बुराई की शुरुआत है |”

“उस काम का चयन कीजिए जिसे आप पसंद करते हों, फिर आप पूरी ज़िन्दगी एक दिन भी काम नहीं करंगे |”

“यह बात मायने नहीं रखती की आप कितना धीमे चल रहे हैं, जब तक की आप रुकें नहीं |”

“मैं सुनता हूँ और भूल जाता हूँ , मैं देखता हूँ और याद रखता हूँ, मैं करता हूँ और समझ जाता हूँ |”

“जो आप खुद नहीं पसंद करते उसे दूसरों पर मत थोपिए|”

“सफलता पहले से की गयी तयारी पर निर्भर है, और बिना ऐसी तैयारी के असफलता निश्चित है|”

“हर एक चीज में खूबसूरती होती है, लेकिन हर कोई उसे नहीं देख पाता|”

“नफरत करना आसान है, प्रेम करना मुश्किल | चीजें इसी तरह काम करती हैं| सारी अच्छी चीजों को पाना मुश्किल होता है, और बुरी चीजें बहुत आसानी से मिल जाती हैं |

“हम तीन तरीकों से ज्ञान अर्जित कर सकते हैं | पहला, चिंतन करके, जो कि सबसे सही तरीका है | दूसरा , अनुकरण करके, जो कि सबसे आसान है, और तीसरा अनुभव से जो कि सबसे कष्टकारी है |”

“बुद्धि, करुणा, और साहस, व्यक्ति के लिए तीन सार्वभौमिक मान्यता प्राप्त नैतिक गुण हैं |”

“किसी कमी के साथ एक हीरा बिना किसी कमी के पत्थर से बेहतर है |”

“एक श्रेष्ठ व्यक्ति कथनी में कम ,करनी में ज्यादा होता है|”

“एक शेर से ज्यादा एक दमनकारी सरकार से डरना चाहिए |”



बेंजामिन फ्रैंकलिन

"थकान सबसे अच्छा तकिया है |"

"मछलियों कि तरह मेहमान भी तीन दिन बाद बदबू करने लगते हैं|"

"जिसके पास धैर्य है वह जो चाहे वो पा सकता है|"

"तैयारी करने में फेल होने का अर्थ है फेल होने के लिए तैयारी करना |"

"कुछ ऐसा लिखें जो पढने लायक हो या कुछ ऐसा करें जो लिखने लायक हो|"

"अज्ञानी होना उतनी शर्म की बात नहीं है जितना कि सीखने की इच्छा ना रखना|"

"ईश्वर उसकी मदद करता है जो खुद अपनी मदद करता है|"

"परिश्रम सौभाग्य की जननी है |"

"एक मकान तब तक घर नहीं बन सकता जब तक उसमे दिमाग और शरीर दोनों के लिए भोजन और भभक ना हो |"

"बीस साल की उम्र में इंसान अपनी इच्छा से चलता है, तीस में बुद्धि से और चालीस में अपने अनुमान से |"

“मित्र बनाने में धीमे रहिए और बदलने में और भी|”
“निश्चितरूप से इस दुनिया में कुछ भी निश्चित नहीं है सिवाय मौत और करों के |”

“छोटे-छोटे खर्चों से सावधान रहिये | एक छोटा सा छेद बड़े से जहाज़ को डूबा सकता है|”

“संतोष गरीबों को अमीर बनाता है, असंतोष अमीरों को गरीब|”

“लेनदारों की यादाश्त देनदारों से अछि होती है|”

“परिश्रम सौभाग्य की जननी है|”

“अर्ध-सत्य अक्सर एक बड़ा झूठ होता है|”



अरस्तु

“बुरे व्यक्ति पश्चाताप से भरे होते हैं|”

“अच्छा व्यवहार सभी गुणों का सार है|”

“जो सभी का मित्र होता है वो किसी का मित्र नहीं होता है|”

“कोई भी क्रोधित हो सकता है- यह आसान है, लेकिन सही व्यक्ति से सही सीमा में सही समय पर और सही उद्देश्य के साथ सही तरीके से क्रोधित होना सभी के बस कि बात नहीं है और यह आसान नहीं है|”

“मनुष्य अपनी सबसे अच्छे रूप में सभी जीवों में सबसे उदार होता है, लेकिन यदि क़ानून और न्याय ना हों तो वो सबसे खराब बन जाता है|”

“चरित्र को हम अपनी बात मनवाने का सबसे प्रभावी माध्यम कह सकते हैं|”

“संकोच युवाओं के लिए एक आभूषण है, लेकिन बड़ी उम्र के लोगों के लिए धिक्कार|”

“लोकतंत्र तब होगा जब गरीब ना कि धनाड्य शाशक हों|”

“शिक्षा बुढ़ापे के लिए सबसे अच्छा प्रावधान है|”

“उत्कृष्टता वो कला है जो प्रशिक्षण और आदत से आती है.हम इस लिए सही कार्य नहीं करते कि हमारे अन्दर अच्छाई या उत्कृष्टता है , बल्कि वो हमारे अन्दर इसलिए हैं क्योंकि हमने सही कार्य किया है.हम वो हैं जो हम बार बार करते हैं.इसलिए उत्कृष्टता कोई कार्य नहीं बल्कि एक आदत है|”

“मनुष्य प्राकृतिक रूप से ज्ञान कि इच्छा रखता है|”

“सभी भुगतान युक्त नौकरियां दिमाग को अवशोषित और अयोग्य बनाती हैं|”

“डर बुराई की अपेक्षा से उत्पन्न होने वाले दर्द है|”

“मनुष्य के सभी कार्य इन सातों में से किसी एक या अधिक वजहों से होते हैं: मौका, प्रकृति, मजबूरी , आदत, कारण, जुनून, इच्छा |”

“कोई भी उस व्यक्ति से प्रेम नहीं करता जिससे वो डरता है|”

हेलेन केलर

“दुनिया की सबसे खूबसूरत चीजें ना ही देखी जा सकती हैं और ना ही छुई उन्हें बस दिल से महसूस किया जा सकता है|”

“यदि हम अपने काम में लगे रहे तो हम जो चाहें वो कर सकते हैं|”

“विश्वास वो शक्ति है जिससे उजड़ी हुई दुनिया में भी प्रकाश किया जा सकता है |”

“अकेले हम कितना कम हासिल कर सकते हैं, साथ में कितना ज्यादा |”

“चरित्र का विकास आसानी से नहीं किया जा सकता | केवल परिक्षण और पीड़ा के अनुभव से आत्मा को मजबूत, महत्त्वाकांक्षा को प्रेरित, और सफलता को हासिल किया जा सकता है |”

“खुद की तुलना ज्यादा भाग्यशाली लोगों से करने कि बजाये हमें अपने साथ के ज्यादातर लोगों से अपनी तुलना करनी चाहिए.और तब हमें लगेगा कि हम कितने भाग्यवान हैं|”

“मैं अकेली हूँ , लेकिन फिर भी मैं हूँ | मैं सबकुछ नहीं कर सकती , लेकिन मैं कुछ तो कर सकती हूँ, और सिर्फ इसलिए कि मैं सब कुछ नहीं कर सकती , मैं वो करने से पीछे नहीं हटूंगी जो मैं कर सकती हूँ|”

"मैं महान और अच्छे काम करना चाहती हूँ, लेकिन यह मेरा परम कर्त्तव्य है कि मैं छोटे कामों को भी ऐसे करूँ जैसे कि वो महान और नेक हों|"

"मैं कभी-कभार ही अपनी कमियों के बारे में सोचती हूँ,, और वो मुझे कभी दुखी नहीं करते. शायद एक-आध बार थोड़ी पीड़ा होती है; पर वह फूलों के बीच में हवा के झोंके के सामान अस्पष्ट है|"

"पूरी दुनिया कष्टों से बहरी है, और उन कष्टों को पार पाने से भी |"

मदर टेरेसा

“यदि आप सौ लोगो को नहीं खिला सकते तो एक को ही खिलाइए |”

“शांति की शुरुआत मुस्कराहट से होती है|”

“जहाँ जाइये प्यार फैलाइए, जो भी आपके पास आये वह और खुश होकर लौटे|”

“छोटी चीजों में वफादार रहिए क्योंकि इन्ही में आपकी शक्ति निहित है|”

“जिस व्यक्ति को कोई चाहने वाला न हो, कोई ख्याल रखने वाला न हो, जिसे हर कोई भूल चुका हो,मेरे विचार से वह किसी ऐसे व्यक्ति की तुलना में जिसके पास कुछ खाने को न हो ,कहीं बड़ी भूख, कही बड़ी गरीबी से ग्रस्त है|”

“मैं चाहती हूँ कि आप अपने पड़ोसी के बारे में चिंतित हों| क्या आप जानते हैं कि आपका पड़ोसी कौन है?”

“यदि हमारे मन में शांति नहीं है तो इसकी वजह है कि हम यह भूल चुके हैं कि हम एक दुसरे के हैं|”

“सबसे बड़ी बीमारीकुष्ठ रोग या तपेदिकनहीं है , बल्कि अवांछित होना ही सबसे बड़ी बीमारी है |”



महात्मा गाँधी

“खुद वो बदलाव बनिए जो दुनिया में आप देखना चाहते हैं|”

“व्यक्ति अपने विचारों से निर्मित एक प्राणी है, वह जो सोचता है वही बन जाता है|”

“जहाँ प्रेम है वहां जीवन है|”

“प्रेम दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति है और फिर भी हम जिसकी कल्पना कर सकते हैं उसमे सबसे नम्र है|”

“थोडा सा अभ्यास बहुत सारे उपदेशों से बेहतर है |”

“पहले वो आप पर ध्यान नहीं देंगे, फिर वो आप पर हँसेंगे, फिर वो आप से लड़ेंगे, और तब आप जीत जायेंगे |”

“जब तक गलती करने की स्वतंत्रता ना हो तब तक स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं है|”

“ख़ुशी तब मिलेगी जब आप जो सोचते हैं, जो कहते हैं और जो करते हैं, सामंजस्य में हों |”

“मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है | सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन |”

“भगवान का कोई धर्म नहीं है|”

“आप आज जो करते हैं उसपर भविष्य निर्भर करता है|”

“आँख के बदले में आँख पूरे विश्व को अँधा बना देगी |”

गौतम बुद्धा

"तीन चीजें ज्यादा देर तक नहीं छुप सकती, सूरज, चंद्रमा और सत्य|"

"हम जो सोचते हैं, वे हम बन जाते है|"

"अतीत पे धयान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, अपने मन को वर्तमान क्षण पे केन्द्रित करो |"

"तुम अपने क्रोध के लिए दंड नहीं पाओगे, तुम अपने क्रोध द्वारा दंड पाओगे|"

"जैसे मोमबत्ती बिना आग के नहीं जल सकती , मनुष्य भी आध्यात्मिक जीवन के बिना नहीं जी सकता |"

"मैं कभी नहीं देखता की क्या किया जा चुका है; मैं हमेशा देखता हूँ कि क्या किया जाना बाकी है|"

"स्वस्थ्य सबसे बड़ा उपहार है, संतोष सबसे बड़ा धन है, वफ़ादारी सबसे बड़ा सम्बन्ध है |"

"बिना सेहत के जीवन जीवन नहीं है; बस पीड़ा की एक स्थिति है- मौत की छवि है|"

"हम जो कुछ भी हैं वो हमने आज तक क्या सोचा इस बात का परिणाम है| यदि कोई व्यक्ति बुरी सोच के साथ बोलता या काम करता है , तो उसे

कष्ट ही मिलता है| यदि कोई व्यक्ति शुद्ध विचारों के साथ बोलता या काम करता है, तो उसकी परछाई की तरह ख़ुशी उसका साथ कभी नहीं छोडती |”

“हम जो कुछ भी हैं वो हमने आज तक क्या सोचा इस बात का परिणाम है| यदि कोई व्यक्ति बुरी सोच के साथ बोलता या काम करता है , तो उसे कष्ट ही मिलता है. यदि कोई व्यक्ति शुद्ध विचारों के साथ बोलता या काम करता है, तो उसकी परछाई की तरह ख़ुशी उसका साथ कभी नहीं छोडती |”

“हजारों खोखले शब्दों से अच्छा वह एक शब्द है जो शांति लाए |”

“सभी बुरे कार्य मन के कारण उत्पन्न होते हैं| अगर मन परिवर्तित हो जाये तो क्या अनैतिक कार्य रह सकते हैं?”

“एक जग बूँद बूँद कर के भरता है|”

“अपने मोक्ष के लिए खुद ही प्रयत्न करें. दूसरों पर निर्भर ना रहे|”

“किसी जंगली जानवर की अपेक्षा एक कपटी और दुष्ट मित्र से ज्यादा डरना चाहिए, जानवर तो बस आपके शरीर को नुक्सान पहुंचा सकता है, पर एक बुरा मित्र आपकी बुद्धि को नुक्सान पहुंचा सकता है|”

“आपके पास जो कुछ भी है उसे बढ़ा-चढ़ा कर मत बताइए, और ना ही दूसरों से इर्श्या कीजिये. जो दूसरों से इर्श्या करता है उसे मन की शांति नहीं मिलती|”

“घृणा घृणा से नहीं प्रेम से खत्म होती है, यह शाश्वत नियम है|”

“क्रोध को पाले रखना गर्म कोयले को किसी और पर फेंकने की नीयत से पकडे रहने के सामान है; इसमें आप ही जलते हैं|”

“चाहे आप जितने पवित्र शब्द पढ़ लें या बोल लें, वो आपका क्या भला करेंगे जब तक आप उन्हें उपयोग में नहीं लाते?”
“बिना सेहत के जीवन जीवन नहीं है; बस पीड़ा की एक स्थिति है- मौत की छवि है|”

“हम जो सोचते हैं , वो बन जाते हैं|”

“शक की आदत से भयावह कुछ भी नहीं है. शक लोगों को अलग करता है. यह एक ऐसा ज़हर है जो मित्रता ख़तम करता है और अच्छे रिश्तों को तोड़ता है.यह एक काँटा है जो चोटिल करता है, एक तलवार है जो वध करती है|”

“सत्य के मार्ग पे चलते हुए कोई दो ही गलतियाँ कर सकता है; पूरा रास्ता ना तय करना, और इसकी शुरआत ही ना करना |”

